वर्ष 23, अंक 206, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 22 अगस्त 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## सर ब्लंडर हो गया!... पटना में भारत बंद रोकने उतरे सिपाही ने SDM पर बरसा दी

**पटना**

**पटना** में भारत बंद का व्यापक असर देखने को मिल रहा है. इस दौरान प्रदर्शनकारियों को शांत कराने पहुंचे एसडीएम पर ही कुछ पुलिस के सिपाहियों ने लाठियां बरसा दी. इस कारण थोड़ी देर के लिए पुलिस और प्रशासन के बीच असहज स्थिति उत्पन्न हो गई. एसडीएम पर लाठी भांजते जब सीनियर पुलिस अफसर ने देखा तो जवानों को उनसे अलग किया. इसके बाद एसडीएम साहब भी तमतमा गए. फिर जवानों ने एसडीएम से माफी मांगी और कहा कि गलती से हो गया सर. इस घटना का वीडियो काफी वायरल हो रहा है.

जिस एसडीएम पर लाठियां बरसाई गई, उनकी पहचान पटना एसडीएम श्रीकांत कुंडली खंड के रूप में की गई है. बंद के दौरान उपद्रव कर रहे लोगों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को सख्ती दिखानी पड़ी. इस वजह से यहां बाजार बंद कराने निकले प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस के जवानों ने लाठियां बरसानी शुरू कर दी. इस कारण से भगदड़ की स्थिति बन गई.

भारत बंद के दौरान डाक बंगला चौराहे पर डीजे और ठेले के साथ पहुंचे प्रदर्शनकारियों के हुजूम को रोकने के लिए पुलिस जवानों ने लाठियां भांजनी शुरू की. इसी दौरान एक एसडीएम साहब ठेले पर जेनरेटर बंद करवा रहे थे. तभी कुछ पुलिस जवानों ने आव देखा न ताव उन पर लाठियां बरसानी शुरू कर दी. वीडियो में सफेद शर्ट पहने एसडीएम दिखाई दे रहे हैं. वह ठेले पर लोड जेनरेटर को बंद करने का निर्देश दे रहे थे, इसी दौरान जवानों ने उन्हें भी प्रदर्शनकारी समझ उन पर लाठी चला दी. इसके बाद वहां मौजूद वैसे सीनियर पुलिस पदाधिकारी जो एसडीएम को पहचान रहे थे, उनलोगों ने तुरंत सिपाहियों को रोका, तब तक उन्हें कुछ लाठियां लग चुकी थी. इसके बाद पुलिस अफसर और जवानों इसके लिए खेद जताया और गलती से ऐसा होने की बात की. सिपाहियों को वीडियो में माफी मांगते और खेद जताते सुना जा सकता है।



### भारत बंद लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार, डॉक्टरों को सुरक्षा की गारंटी दे सरकार : पवन

**नई दिल्ली। कांग्रेस** नेता पवन खेड़ा ने बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कई मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने 'भारत बंद', देश में महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म, देशभर में हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों पर बात की।

पवन खेड़ा ने भारत बंद को लेकर कहा, "यह लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार है, अगर कोई किसी नियम, नीति या किसी फैसले के खिलाफ है तो वह विरोध कर सकता है और शांतिपूर्ण विरोध से ही हमें आजादी मिली है।"बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने मंगलवार को भारत से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को प्रत्यर्पित करने का अनुरोध किया ।

## देश में 1000 लोगों पर 11 CCTV कैमरे...सुरक्षा कैसे?

# कोलकाता अस्पताल का डार्क स्पॉट सील होता तो डॉक्टर से नहीं हो पाती दरिंदगी

**नई दिल्ली: कोलकाता** डॉक्टर केस में सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार ने तीन पुलिस अफसरों को सस्पेंड कर दिया। कहा जा रहा है कि डॉक्टर ने दिनभर काम करने के बाद रात को बेकार पड़े अस्पताल के सेमिनार हॉल में अपने सहकर्मियों के साथ खाना खाया था और सबके जाने के बाद थकने की वजह से वहां आराम करने लग गई थी। उसी वक्त शराब पीकर अस्पताल के पिछले दरवाजे से आरोपी घुसा और उसने मौका पाकर डॉक्टर पर हमला कर दिया। उसने दरिंदगी की हद पार करते हुए डॉक्टर का रेप करने के बाद उसे मार डाला। डॉक्टर का बेजान शरीर रात भर वहीं पड़ा रहा। अगले दिन जब सुबह सफाई करने वाला वहां गया तो उसने डॉक्टर के शव को देखा।



इस केस में बड़ा सवाल ये उठ रहा है कि आरजी कर मेडिकल अस्पताल के डार्क स्पॉट को यों ही क्यों छोड़ दिया गया। क्या यही हालत पूरे देश की है। यह भी कहा जा रहा है कि दिसंबर, 2012 में निर्भया गैंगरेप के बाद भी हम क्यों नहीं चेत पाए हैं? क्यों नहीं अस्पताल, स्कूल जैसी जगहों पर और गली-मोहल्लों के सुनसान इलाकों या मोड़ पर सुरक्षा के उपाय क्यों नहीं किए गए? क्यों नहीं सीसीटीवी या लाइटें लगाई गईं। जानते हैं सारे सवालों के जवाब।

अस्पताल का सेमिनार हॉल बन गया था डार्क स्पॉट, अस्पताल की लापरवाही

डॉक्टरों का कहना है कि अस्पताल के जिस सेमिनार हॉल में इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया गया, उसे सील किया जाना चाहिए था।

## नक्सलवाद पर फाइनल चोट करने की तैयारी, दो दिन के दौरे पर छत्तीसगढ़ जाएंगे अमित शाह

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 24 और 25 अगस्त को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नक्सल विरोधी अभियानों, रणनीतियों और माओवाद प्रभावित राज्यों में विकास पर उच्च स्तरीय बैठकें करेंगे। शाह अपने दौरे के दौरान पुलिस, अर्धसैनिक बलों और अन्य विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक करेंगे। शाह के दौरे का विस्तृत प्रोटोकॉल जल्द ही पार्टी द्वारा जारी किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री 23 अगस्त की शाम को छत्तीसगढ़ पहुंचेंगे और 24 और 25 अगस्त को बैठकें करेंगे, जिसके बाद वे 25 की शाम को वापस लौटेंगे।



क्या है वजह?

इस बैठक में छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल के पुलिस प्रमुखों के शामिल होने की संभावना है। इन राज्यों में नक्सलवाद पर लगाम लगी है। इसके अलावा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन और खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के प्रमुख अनीश दयाल सिंह के भी इन दोनों बैठकों में शामिल होने की उम्मीद है।

## झारखंड में 200 यूनिट तक की बिजली हुई मुफ्त

**रांची। झारखंड** में जिन लोगों की बिजली खपत प्रतिमाह अधिकतम 200 यूनिट है, उन्हें इस महीने से कोई बिल नहीं भरना पड़ेगा। लेकिन, दूसरी तरफ जिनके घरों में इससे ज्यादा बिजली की खपत है, उन्हें तगड़ा झटका लगने वाला है।

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है, जिस पर 23 अगस्त से जनसुनवाई शुरू हो रही है। राज्य के सभी पांच प्रमंडलों में 2 सितंबर तक जनसुनवाई पूरी होने के बाद झारखंड इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन बिजली की कीमतें बढ़ाने पर अंतिम फैसला करेगा।

जेबीवीएनएल ने बिजली वितरण में बढ़ते खर्चों और दायित्वों का हवाला देते हुए घरेलू बिजली की कीमत प्रति यूनिट 2.85 रुपये बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। फिलहाल उपभोक्ताओं को 6.65 रुपये प्रति यूनिट की दर से भुगतान करना पड़ता है। इसके अलावा लोड आधारित फिक्स्ड चार्ज लागू करने का भी प्रस्ताव रखा गया है। इसके अनुसार, प्रति किलोवाट लोड के लिए उपभोक्ता से लगभग 100 रुपए लिए जाएंगे। इसके पहले इसी साल एक मार्च से बिजली की दरों में 7.66 प्रतिशत इजाफा किया गया था।

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास लगातार दूसरी बार बने दुनिया के शीर्ष बैंकर

# दूसरी बार ए+ रेटिंग मिलने पर पीएम मोदी ने बधाई दी

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास को 'ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट काड्र्स 2024' में लगातार दूसरी बार "ए+" रेटिंग मिलने पर बधाई दी। भारतीय रिजर्व बैंक के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की गई एक पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा कि आरबीआई गवर्नर श्री शक्तिकांत दास को लगातार दूसरी बार इस उपलब्धि के लिए बधाई।

प्रधानमंत्री ने कहा, "यह आरबीआई में उनकी लीडरशिप और देश की आर्थिक वृद्धि दर और स्थिरता बनाए रखने के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य को प्रमाणित करता है।"



ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन द्वारा 'सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट काड्र्स 2024' में दुनियाभर के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर को काम के आधार पर ग्रेड दी थी, जिसमें सबसे अच्छी ग्रेड "ए+", "ए" और "ए-" हैं।

इस रिपोर्ट को 1994 के बाद से हर साल जारी किया जाता है। इसमें करीब 100 देशों के केंद्रीय बैंकों के गवर्नर को काम के आधार पर ग्रेड दी जाती है।

इसमें यूरोपियन यूनियन के अलावा पूर्वी कैरेबियाई सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ सेंट्रल अफ्रीकन स्टेट्स और सेंट्रल बैंक ऑफ वेस्ट अफ्रीकन स्टेट्स शामिल हैं।

## संशोधन वक्त और वक्फ दोनों की जरूरत, जेपीसी में खुले दिल से होगा विचार : मुख्तार अब्बास



**नई दिल्ली। केंद्र** सरकार द्वारा हाल ही में समाप्त हुए संसद सत्र के दौरान पेश किए गए वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को लेकर राजनीतिक हलचल एक बार फिर बढ़ने जा रही है। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर विस्तार से विचार विमर्श करने के लिए बनाई गई जेपीसी की पहली बैठक गुरुवार 22 अगस्त को होने जा रही है।

भाजपा के लिए यह संशोधन विधेयक बहुत ही महत्वपूर्ण है और पार्टी के रणनीतिकार चाहते हैं कि इस विधेयक को संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में पारित करवा लिया जाए। हालांकि अब बहुत कुछ जेपीसी की रिपोर्ट पर भी निर्भर हो गया है। भाजपा को वक्फ ( संशोधन) विधेयक 2024 पर विरोधी दलों को ही नहीं साधना है बल्कि चंद्रबाबू नायडू और चिराग पासवान जैसे सहयोगियों को भी बिल के समर्थन में वोट करने के लिए मनाना है।

आईएएनएस के साथ खास बातचीत करते हुए अल्पसंख्यक मामलों के पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने इन तमाम सवालों पर खुल कर अपनी बात कहते हुए कहा कि संशोधन वक्त और वक्फ दोनों की जरूरत है और जेपीसी की बैठकों में इस पर खुले दिल से विचार होगा।

आईएएनएस से बातचीत में मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि वह तो पहले ही कह चुके हैं कि इस पूरी व्यवस्था (वक्फ बोर्ड की) को 'टच मी नॉट' की सनक, सियासत और सोच से बाहर निकलना होगा। वक्फ व्यवस्था को ज्यादा बेहतर बनाने के लिए ही सरकार यह विधेयक लेकर आई है।

विरोधी दलों के साथ ही सहयोगियों की तरफ से भी उठ रहे सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि वक्फ कानूनों में कोई पहली बार संशोधन नहीं किया जा रहा है।

## राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा से रणनीतिक साझेदारी को मिलेगी मजबूती

**नई दिल्ली। रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करेंगे। उनकी यह यात्रा भारत-अमेरिका रक्षा संबंध को लेकर काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

माना जा रहा है कि इस यात्रा से भारत व अमेरिका की वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूती मिलेगी।

इससे पहले मंगलवार को राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री के साथ एक अहम मुलाकात की थी।

बुधवार को अमेरिका यात्रा के विषय में आधिकारिक जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि राजनाथ सिंह 23 से 26 अगस्त तक अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। राजनाथ सिंह की यह यात्रा अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के निमंत्रण पर हो रही है। 23 अगस्त को अमेरिका पहुंचने के बाद वे यहां अपने अमेरिकी समकक्ष व अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।



राजनाथ सिंह यहां राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के सहायक जेक सुलिवन से भी वार्ता करेंगे।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि राजनाथ सिंह अमेरिका में रक्षा उद्योगों पर भी चर्चा करेंगे।

अमेरिका में मौजूदा और भविष्य के रक्षा सहयोग के बारे में रक्षा उद्योग के साथ एक उच्च स्तरीय गोलमेज बैठक आयोजित की जानी है। इस गोलमेज बैठक की अध्यक्षता भी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ही करेंगे। अमेरिका की अपनी इस यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात और बातचीत करेंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, राजनाथ सिंह की यह यात्रा भारत और अमेरिका के संबंधों, विभिन्न स्तरों पर रक्षा संबंधों में लगातार हो रही प्रगति की पृष्ठभूमि में हो रही है।

## मुकेश अंबानी समुद्र के नीचे बनाएंगे केबल रूट, इंटरनेट स्पीड उड़ा देगी होश

**मुंबई।**

Subsea Cable के बारे में आपने पहले सुना है ? ये दो देशों के बीच डेटा सेंटर की तरह काम करता है और एक ऐसा कनेक्शन होता है जो समुद्र के अंदर से होकर गुजरता है। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि अब इस पर जियो और एयरटेल ने काम करना शुरू कर दिया है। अभी तक आप BSNL 5G का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, लेकिन सुनील मित्तल और मुकेश अंबानी के इस बिजनेस प्लान के बारे में जानकर पूरी तरह हैरान होने वाले हैं। क्योंकि इसमें इंटरनेट स्पीड बूस्ट करने पर काफी तेजी से काम किया जा रहा है।

आज हम आपको इस प्लान के बारे में जानकारी देने वाले हैं। साथ ही बताएंगे कि आखिर ये प्लान काम कैसे करता है। साथ ही इसमें मिलने वाली इंटरनेट स्पीड कितनी होने वाली है। एयरटेल और जियो ने इसको लेकर बड़ा फैसला लिया है ।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा को बताया जहर

# इसे चाटकर ना देखें, परिणाम सब जानते हैं

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस के किसी कार्यक्रम में शामिल हुए उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और भाजपा के बीच मतभेदों पर अपना रुख स्पष्ट किया। ठाकरे ने कहा कि किसी व्यक्ति को समझने के बाद हमें खुद को बदलने की जरूरत है।

मुंबई में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा पर परोक्ष हमला किया और कहा कि पार्टी एक जहर है जिसे पूरी तरह से खत्म करने की जरूरत है। 'सद्भावना दिवस' के रूप में मनाए गए इस कार्यक्रम में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने भाग लिया और कांग्रेस को भाजपा की तुलना में बेहतर सहयोगी बताया। ठाकरे ने पहली बार कांग्रेस का स्टोल पहना, जो राजनीतिक गठबंधनों में बदलाव का संकेत था।



खड़गे ने भाजपा पर नकारात्मक प्रभाव डालने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जहर की तरह है। इसका स्वाद चखने की जरूरत नहीं है क्योंकि हम इसके परिणाम जानते हैं। इसे पूरी तरह से खत्म करने की जरूरत है। उन्होंने भाजपा को संविधान में संशोधन करने से रोकने के लिए महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सभा सहित विधायी प्रभाव बनाए रखने के लिए राज्य विधानसभा चुनाव जीतने के महत्व को रेखांकित किया। खड़गे ने वक्फ भूमि के लिए संशोधन विधेयक और अनुबंध के आधार पर लेटरल एंट्री जैसे उदाहरणों का हवाला दिया और कहा, "उन्होंने लेटरल एंट्री के फैसले को वापस ले लिया क्योंकि आप मजबूत हैं। अगर ऐसा नहीं होता, तो वे आरएसएस पृष्ठभूमि के लोगों की भर्ती करते।"

पहली बार कांग्रेस के किसी कार्यक्रम में शामिल हुए उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और भाजपा के बीच मतभेदों पर अपना रुख स्पष्ट किया। ठाकरे ने कहा, "किसी व्यक्ति को समझने के बाद हमें खुद को बदलने की जरूरत है। मुझे एहसास हुआ है कि उन्होंने हमारा दुरुपयोग किया और अब हमें कमजोर करना शुरू कर दिया है।

## बदलापुर की बच्चियों के लिए इंसाफ मांगने वालों पर दर्ज किया जा रहा केस : संजय

**मुंबई। महाराष्ट्र** के बदलापुर में दो बच्चियों के साथ हुई घटना को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, ह्लमहाराष्ट्र में एक अवैध सरकार है, जिसमें न तो इंसानियत है और न ही संवेदनाएं।

संजय राउत ने कहा, बदलापुर में जिन दो मासूम बच्चियों के साथ घिनौनी हरकत की गई, उन्हें भी इस बारे में नहीं मालूम कि आखिर उनके साथ क्या हुआ। जो लोग उनको इंसाफ दिलाने के लिए सड़कों पर उतरे, इस सरकार ने उनके खिलाफ ही केस दर्ज कर लिया। बदलापुर का वो स्कूल भाजपा का है। अगर यह स्कूल किसी और पार्टी का होता तो देवेंद्र फडणवीस खुद ही सड़क पर उतर आते।



उन्होंने कहा, ह्लभाजपा शासित राज्यों में ऐसे अपराधों के बाद बुलडोजर चलाए जाते हैं, लेकिन बदलापुर में बुलडोजर क्यों नहीं चलाया गया।

## राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का सहसों में हुआ भव्य स्वागत, श्राद्ध कार्यक्रम में हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** असम व मणिपुर के महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का सहसों में भाजपा कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया गया। राज्यपाल का विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रयागराज आगमन पर जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी के आवास पर बुधवार को स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में आशीष केसरवानी ने राज्यपाल का माल्यार्पण कर स्वागत किया व नेचुरल फूल के बुके भेंट कर अभिनंदन किया। तत्पश्चात आशीष केसरवानी द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा भेंटकर राज्यपाल का सम्मान किया गया। असम और मणिपुर प्रदेश का राज्यपाल बनाए जाने के बाद पहली बार प्रयागराज आगमन पर पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों द्वारा बड़े उत्साह के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारत देश तेजी के साथ तरक्की कर रहा है। अब वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु बनकर पूरे दुनिया में अपना परचम लहराएगा। राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य सहसों पहुंचने पर सबसे पहले सहसों चौराहा के पास हनुमानगंज मार्ग पर स्थित स्वर्गीय राजा राम गुप्ता की पत्नी उर्मिला देवी लगभग 70 वर्षीया जिनका 10 दिन पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया है। उनके आवास पर श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए एवं उर्मिला देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बेटे लव कुमार गुप्ता व धीरज कुमार गुप्ता को सांत्वना देते ढांढस बंधाया तथा शोक व्यक्त किया। लव कुमार गुप्ता राज्यपाल द्वारा वाराणसी के रामनगर में निर्मित दो विद्यालयों की देखरेख एवं विद्यालय का कामकाज भी संभालते हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से महापौर गणेश केसरवानी, एमएलसी निर्मला पासवान, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे, दीपक पटेल, अमरनाथ तिवारी, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी, अमरनाथ यादव, अश्वनी दुबे, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, जय प्रकाश दुबे, संजय सिंह, अनिल सरोज, आशीष भारतीय, बृजेश त्रिपाठी, मनीष केसरवानी, नितिन केसरवानी, सत्यम केसरवानी, पीयूष सिंह आदि लोग स्वागत करते मौजूद रहे।

## विलुप्त हो रहे जीवो का संरक्षण सभी के लिए आवश्यक है - प्रो डॉ आंनद



**करछना।** प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में आज से पांच दिवसीय इंस्पायर साइंस कैम्प का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री एम एम शंखधर तिवारी प्राचार्य मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, डा अंचल श्रीवास्तव बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, संस्थान के चेयरमैन श्री ज्ञान सिंह, सचिव श्री विकास सिंह, प्राचार्य डा राम रक्षा त्रिपाठी एवं अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। साइंस कैम्प के प्रथम सत्र में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर डॉ अंचल श्रीवास्तव ने छात्रों को आई टू इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए इलेक्ट्रॉन सुक्ष्मदर्शी द्वारा इलेक्ट्रॉन के अध्ययन की जानकारी दी। प्रथम सत्र के बाद छात्रों को विभिन्न प्रयोगशालाओं में प्रैक्टिकल कराया गया। साइंस कैम्प के दूसरे सत्र में पंजाब यूनिवर्सिटी के वनस्पति विज्ञान के प्रोफेसर डा आनंद नारायण सिंह ने छात्रों को खाद्य श्रृंखला तथा विलुप्त हो रहे जीवो का संरक्षण विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया की विलुप्तप्राय जीवो को बचाना बहुत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन श्री आसमा नंद सिंह ने किया। कार्यक्रम में महिपाल सिंह, हिंच लाल पटेल, वीरेंद्र सिंह, हिमांशु द्विवेदी, भोला पांडे, रबिंद्र सिंह, मनीष सिंह, मोमिश पांडे, सुप्रिया श्रीवास्तव, अरविंद पांडे आदि लोग उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## हंडिया में ताला तोड़कर एक ही रात में तीन घरों में चोरी पुलिस जाँच मे लगी



**हंडिया।** प्रयागराज जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 13 नगर पंचायत हंडिया कस्बा में चोरों द्वारा ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। मौके पर पहुँचे हंडिया कस्बा इंचार्ज एसआई सुमित आनंद ने मामले की जाँच मे लग चुके है। घटना के बारे में बता दें कि बीती रात चोरों ने नगर पंचायत के चपरासी मकसूद अहमद के घर रात्रि में ताला तोड़कर आलमारी उसमें रखे नकदी रुपए व जेवर उड़ा ले गए वही 100 मीटर की दूरी पर सिराज अहमद राइन के घर में घुसकर अलमारी तोड़कर 15000 नगदी कान की बाली वह गले की जंजीर वह एक मोबाइल चोरों द्वारा चोरी कर ले गए वहीं कुछ दूरी पर महफूज के घर में चोरों ने घर मे घुसकर 5000 नगदी व मोबाइल अन्य सामान चोरी कर उठा ले गए लगातार तीन घरों की चोरी देखकर गांव के लोगों में दहशत का माहौल है बता दे कि चोरों को कुछ लोगों ने रात्रि 1:00 बजे के करीब चोरी कर भागते हुए दौड़ाया परंतु वह पकड़ से बाहर रहे चोरों की भागते हुए सी सी टीवी में तस्वीर भी कैद हुई है। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की शिनाख्त कर रही है।

## इंडियन टेलेंट ओलिंपियाड मुंबई ने मेजा पब्लिक स्कूल को बेस्ट प्रिंसिपल अवार्ड से नवाजा



**मेजा।** इंडियन टैलेन्ट ओलिंपियाड मुंबई की तरफ से मेजा पब्लिक स्कूल अधियारी नगर विसहिजन कला को बेष्ट प्रिंसिपल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। जो 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस पर मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में दिया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल एवं डायरेक्टर डा० अमरेश चन्द्र तिवारी ने देते हुए बताया कि भारत के 1.5 लाख स्कूलों में केवल एक हजार स्कूलों को यह सम्मान मिला है। उन्होंने कहा मुझे गर्व है कि हजार स्कूल में मेला पब्लिक स्कूल का भी नाम है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में हमने सभी कक्षा में स्मार्ट क्लास के साथ सभी टीचर्स को टैब उपलब्ध कराया, जिसका पूरा लाभ पढ़ने वाले बच्चों को मिल रहा है। उन्होंने बताया मेरा पूरा प्रयास रहता है कि गांव में पढ़ने वाले बच्चे शहर के बच्चों से शिक्षा में कभी पीछे न रहे। मेजा के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो इसका प्रयास में अपने अंतिम सांस तक करता रहूंगा। इस सम्मान के लिए क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दिया है।

## बाइक के सामने कुत्ता आने से चालक घायल

**मांडा।** बाइक से आ रहे पति पत्नि के सामने कुत्ता आने से संतुलन बिगड़ गया जिससे साथ में बैठी पत्नी व बेटी चोट आ गई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह चालक को उठा कर प्राथमिक उपचार के लिए भेजा। बुधवार को धराव निवासी अनीश कुमार अपनी पत्नी को व तीन वर्षीय लड़की को बैठा कर मांडा से चिलबिला जा रहा था कि इसी बीच खवासतारा चौराहे पर पहुंचने से पहले युवक के बाइक के सामने कुत्ता आने संतुलन बिगड़ गया। जिससे युवक तथा पत्नी को मामूली चोट आ गई। ग्रामीणों ने तुरन्त प्राथमिक उपचार हेतु भेज दिया।

## देवेंद्र सिंह को बजरंग दल गंगापार सह संयोजक बनाया गया



**प्रतापपुर।** विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत की दो दिवसीय बैठक का आयोजन वासुदेवानंद सरस्वती महाराज के आश्रम अलोपी बाग प्रयागराज में संपन्न हुआ। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बांदा विभाग के विभाग कार्यवाह रहे डॉ राज नारायण पटेल को विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत का सह मंत्री बनाया गया तथा देवेंद्र सिंह को बजरंग दल गंगापार का सह संयोजक बनाया गया। इस अवसर पर अखिलेश पटेल सह जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं प्रखंड प्रतापपुर के पदाधिकारियों में अध्यक्ष अशोक दुबे, आचार्य? धीरज महाराज, प्रभात सोनी, सोमेश केसरवानी, बृजेश यादव, किशन पाठक, हिमांशू, आशीष, सुधांशु, धीरज, अजय यादव आदि लोगों ने बधाई दिया।

## न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में बनाई आकर्षक रंगोली



**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ,जिसमें छात्राओं ने अनेकों प्रकार की रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल सिंधी टोला शंकरगढ़ में कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं के बीच गुरुवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । बताया गया कि छात्राओं को कई ग्रुप में बांटा गया था। विद्यालय की छात्राओं ने राधा कृष्ण,प्राकृतिक दृश्य,त्योहार ,पर्यावरण, विभिन्न पक्षी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि विषयों पर सुंदर व आकर्षक रंगोली बनाई। रंगोली प्रतियोगिता में अंजली कक्षा 07 की टीम प्रथम स्थान पर रही। इस ग्रुप द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर बनाई गई रंगोली की खूब सराहना की गई। दूसरे स्थान पर कक्षा 08 की टीम रही। तीसरा स्थान कक्षा 07 की टीम को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद मिश्रा ने प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में रचनात्मक सोच का विकास होता है, और उनकी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय की शीतल सिंह, निकिता पांडे,सोनम सिंह, ओपी गुप्ता सहित कई शिक्षक शिक्षिका शामिल रहे।

## भाजपा सरकार अपने हर मुद्दे पर विफल- बासुदेव यादव



**फूलपुर।** भाजपा सरकार अपने हर मुद्दे पर विफल रही है। युवाओं को रोजगार देने की बात हो या फिर महिलाओं की सुरक्षा की बात हो सरकार ने अपना दोहरा चरित्र अपनाया है। अग्निवीर भर्ती के माध्यम से वह जहां युवाओं के साथ मजाक कर रही है वहीं उनके ही नेताओं द्वारा महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधान परिषद सदस्य वासुदेव यादव ने कही। फूलपुर उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए कार्यकर्ताओं से आवाहन करते हुए उन्होंने कहा की यह उप चुनाव सेमीफाइनल है। इसके बाद सूबे से भाजपा का जाना तय है। क्योंकि प्रदेश की जनता महंगाई, भ्रष्टाचार व बेरोजगारी से ऊब चुकी है। बैठक की सपा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमला यादव ने किया। पूर्व जिला उपाध्यक्ष नसीरुद्दीन राईन ने कहा कि प्रदेश की जनता अखिलेश यादव की सरकार में हुए विकास कार्यों को याद कर रही है। सपा सरकार में बिना किसी भेदभाव के सर्व समाज का हित सुनिश्चित था। फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मौके पर सभासद अरशद उल्लाह,सौरव यादव, कुमार मंगल, मोहिद अंसारी, अतीक अंसारी, फिरोज राइन सहित दर्जनों की संख्या में सपाई मौजूद रहे।

## जसरा में ब्लॉक दिवस का किया गया आयोजन




**जसरा।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही ब्लॉक समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल सात आवेदन पत्र प्राप्त हुए। शौंचालय संबंधित दो प्रार्थना पत्रों का तुरंत निस्तारण कर दिया गया। बुधवार को आयोजित ब्लॉक समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी जसरा अनीश अहमद ने आधा दर्जन से अधिक फरियादियों की समस्याओं को सुना। विकास खंड के गांवों से अपनी समस्याओं को लेकर विकास खंड कार्यालय के सभागार में पहुंचे लोगों ने अपने प्रार्थना पत्र बीडीओ को दिया। बीडीओ ने ज्यादातर प्रार्थना पत्रों को निस्तारित करने के लिए आदेश दिया। वहीं शौंचालय से संबंधित दो प्रार्थना पत्रों का निस्तारण भी कर दिया गया। जब कि आम्बेडकर विशेष रोजगार योजना के सात ऋण आवेदन पत्रों पर विचार किया जा रहा है। इस अवसर पर विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या प्रांजल योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, सहकारिता के अंतर्गत उर्वरक की समीक्षा की गई। अंबेडकर विशेष रोजगार योजना के ऋण आवेदन पत्रों पर भी विचार किया गया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत विनोद कुमार द्विवेद्वी,मानवेन्द्र कुमार सिंह एडीओ सहकारिता, विज्ञान प्रभाकर शुक्ला एडीओ आईएसबी, राजेश शर्मा एडीओ एसटी, गुलजार सिंह समाज कल्याण, जीतेन्द्र गौड़ ग्राम विकास अधिकारी,मनोज प्रजापति, रामलाल यादव,नीलकमल, बृजेन्द्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, विनोद कुमार,केपी सिंह सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## चैनल का ताला काट कर प्राथमिक विद्यालय बसमहुआ में हुई चोरी

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के विकास खण्ड बहरिया अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदरपुर उर्फ बसमहुआ में मंगलवार की रात चोरों ने गैस कटर से चैनल का ताला काट कर काफी सामान गायब कर दिए। बुधवार की सुबह दोनों विद्यालयों के शिक्षक स्कूल पहुंचे तो ताला टूटा हुआ देखकर हैरान रह गए। शिक्षकों द्वारा तत्काल 112 नंबर व स्थानीय? पुलिस को सूचना दिया गया। चोरों ने प्राथमिक विद्यालय से दो गैस सिलेंडर, दो ब्लूटूथ, स्पीकर, दो माइक, स्टील की थाली, गिलास, जग व खाद्यान्न सामग्री उठा लें गए। वहीं पास में उच्च प्राथमिक विद्यालय से दो गैस सिलेंडर, एक लैपटॉप, पेन ड्राइव, चार्जर, दो कैरम बोर्ड, थाली गिलास, खाद्यान्न सामग्री, ब्लूटूथ स्पीकर, माइक व फावड़ा आदि सामान चुरा लें गए। विद्यालय के अध्यापक मनीष जायसवाल और उर्वशी कुशवाहा ने चोरी की लिखित तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग किया है। इसके पहले दो सप्ताह पूर्व प्राथमिक विद्यालय कुभौना व उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्यानपुर में चोरों ने लोहे का गेट काटकर अंदर रखा हुआ सामान उठा ले गए। पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई नहीं किए जाने से चोरों के हौसले बुलंद है। थरवई थाना के इलाके में इन दिनों चोरी की घटनाएं बहुत तेजी से घटित हो रही है।

## करछना बाजार में भारत बन्द के समर्थन में डान ने निकाली पद यात्रा




**करछना।** उच्चतम न्यायालय द्वारा पहली अगस्त को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मध्य आरक्षण के वर्गीकरण के आदेश को वापस करने के सम्बंध डा. अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क (डान) के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज के नेतृत्व में यमुनापार की तहसील करछना स्थित करछना विकास खण्ड से कार्यालय उप जिलाधिकारी करछना तक भारत बन्द के समर्थन में पद यात्रा निकालकर महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन करछना नायब तहसीलदार साधना यादव को सौंपा गया।आईपी रामबृज ने बताया कि पहली अगस्त को माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मध्य आरक्षण के वर्गीकरण के पारित आदेश को वापस लेना और केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लोकसभा में विधेयक लाकर आरक्षण पर कानून बनाकर उसे नवी सूची में डालने की बात पर यमुनापार क्षेत्र के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के महिला और पुरुषों ने ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से अनुरोध किया कि सुप्रीमकोर्ट द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आरक्षण को वर्गीकरण करने के संबंध में पारित आदेश के विरोध में 21अगस्त को भारत बद के आह्वान पर एकदिवसीय यमुनापार की करछना विकास खण्ड से कार्यालय उप जिलाधिकारी करछना तक पद यात्रा निकाली आईपी रामबृज ने बताया कि बहुजन समाज के लोगों ने राष्ट्रपति से उम्मीद लगाया है की वो सरकार पर दबाव बनाकर संविधान के साथ खिलवाड़ करने वाली निवर्तमान सरकार को ऐसा करने पर रोक लगवाएगी क्योंकि इस अधिकार के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने अपने चार-चार बच्चों की कुबार्नी देकर हमें दिया है। इस कुबार्नी को हम लोग व्यर्थ नहीं जाने देंगे, यदि राष्ट्रपति होते हुए चूक कर दी तो अब कोई बाबा साहब अम्बेडकर पैदा नहीं होने वाला है।पद यात्रा में सीमा, सीता, पानकली, सावित्री, संजू, रीना अंतिमा, कविता , माया, धानपती, सोनकली , गीता राजू राव, जवाहर लाल, ब्रह्मदीन, राजेश, रामप्यारे, गुलाब शंकर के साथ हजारों लोग उपस्थित रहे।

## फूलपुर में शुरू हुआ निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य



**फूलपुर।** विधानसभा फूलपुर के उपचुनाव में निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्य को तय समय सीमा के अन्दर पूर्ण कराने के उद्देश्य से बीएलओ की एक बैठक बुधवार को तहसील सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में तहसीलदार बृजेश सिंह ने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बताया की मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा घर- घर जाकर मतदाताओं के सर्वक्षण का कार्य एक माह में पूरा करने का निर्देश प्राप्त हुआ। इसलिए सभी बीएलओ अपने बूथ के मतदाताओं के सर्वेक्षण का कार्य अविलंब शुरू कर दें। वहीं बूथ लेवल आफिसरों ने पूर्व में किए गए मतदाता पुनरीक्षण कार्य का मानदेय न मिलने की शिकायत तहसील के अधिकारियों से की। बीएलओ राकेश कुमार पटेल ने बताया की महज पांच सौ रुपए प्रतिमाह की दर से मानदेय पाने वाले बीएलओ को चुनाव के छह महीने पहले से ही काम पर लगा दिया जाता है। जिसमें बीएलओ से मोबाइल एप्प के जरिए आनलाइन काम लिया जाता है। वहीं बहुत से बीएलओ को आज तक मानदेय का भुगतान भी नही किया गया। बूथ लेवल आफिसरों ने मानदेय को बढ़ाने की मांग की।मौके पर बीएलओ विजय चन्द्र विश्वकर्मा, हरिओम प्रकाश, सुरेश चन्द्र, पंकज, बसन्त सहित सुपरवाइजर व तहसील के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दर्जनों गोवंश लदे पिकअप,अनियंत्रित होकर टवेरा से टकराई






**मांडा।** यमुनापार अन्तर्गत थाना क्षेत्र में बीते दिनों गोवंश लदे पिकअप और टवेरा की टक्कर मामले में गोतस्करी का जिक्र नहीं होने पर सवाल उठने लगा हैं। वही मांडा पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सोशल मीडिया पर तंज कसे जा रहे हैं। गौरतलब हो कि हादसे के दौरान मवेशी लदे पिकअप का बनाया वीडियो वायरल हो गया है। अब पुलिस इस मामले को दबाने में जुट गई है। बीते 17 अगस्त की रात करीब डेढ़ बजे कनेवरा गांव निवासी रामराज यादव मध्य प्रदेश के सीधी से अपनी बहन को छोड़कर घर आ रहे थे। रामराज अपने टवेरा से मांडा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार पहुंचे। इसी दौरान गोवंश लदे पिकअप की टवेरा से टक्कर हो गई। इस हादसे में टवेरा क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि, उस पर सवार रामराज यादव और मड़ौला निवासी धनराज घायल हो गए। पिकअप का चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को थाने ले आई। रामराज की तहरीर पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमे में पिकअप वाहन पर गोवंश लदे होने व तस्करी से जुड़े मामले का कोई जिक्र नहीं है। स्थानीय लोगों कहना है कि गोतस्करों का मांडा में लगातार प्रभाव बढ़ता जा रहा है। पिकअप में गोवंश लदे होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। हाफ डाला युक्त पिकअप पर गोवंश लदे हुए थे और ऊपर से काली तिरपाल से ढंका गया था। मांडा थाने के इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह का कहना है कि विवेचना के दौरान पिकअप पर गोवंशों का मामला शामिल कर लिया जाएगा। वायरल वीडियो से पता चला कि पकड़ी गई पिकअप चंदौली की है। वाहन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी।

## महिला के ऊपर हमले की हप्ते भर बाद भी नही दर्ज हुई रिपोर्ट

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के दलापुर में हप्ते भर पहले पुरानी रंजिश को लेकर महिला व उसके परिवार पर हुए हमले की रिपोर्ट दर्ज नही हुई। पीड़ता रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर लगा रही है। दलापुर की रहने वाली नीरज पत्नी रंगधर दुबे ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उसके परिवार का पड़ोस में रहने वाले दबंग परिवार से रंजिश चल रही है। बीते 16 अगस्त को विरोधी कब्जे की नीयत से पुश्तेनी कुएं की सीढ़ी तोड़ने लगे विरोध करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। चीख पुकार सुन कर बीच बचाव करने परिवार के अन्य लोग आ गए तो हमलावर ने परिवार के अन्य लोगो को भी बुला लिया। सभी हाथ मे लाठी, डंडा, धार दार हथियार लिए बीच बचाव को आई हमारी जेठानी व उनके बच्चो को भी मारा। पीड़िता के लिखित शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की।

## एपीआईसी के संस्थापक पूर्व प्रधानाचार्य के निधन पर शोक



**कोरांव।** कोरांव के दक्षिणांचल में शिक्षा दीक्षा के क्षेत्र में सुदूर तक शिक्षा ग्रहण करने के लिए लोगों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करने से उनके पिता स्वर्गीय पिता पंडित आधा प्रसाद पांडेय के पुत्र वंसीधर पांडेय जिन्होंने अपने पिता के सपनों को साकार करने हेतु शिक्षक के रूप में शुरूआत कर प्रधानाचार्य बनने से ले कर कई बार अपने ग्राम अमिलियपाल के ग्राम प्रधान चुने जाने और एक बार जिला पंचायत सदस्य बनने से ले कर साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष आदि जैसे पदों पर आसीन रहते हुए विद्यालय के उन्नति और विकास के लिए राजनैतिक रूप से भी परिपक्व रह कर क्षेत्र के हित में बहुत सारे कार्य करने वाले श्री पांडे जी करीब 85 वर्ष के बाद दुनियां से अलविदा हो गए। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर देखी गई। शोक व्यक्त करने वालों में पूरे क्षेत्र के आलावा ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार,पूर्व विधायक रामकृपाल कोल,श्रवण कुमार मिश्र ग्राम बदोआ प्रबंधक याशीका ग्रुप अहमदाबाद,बृजबिहारी मिश्र,राजेश पटेल,पिंटू चौबे,राजू चौबे,पूर्व प्रिंसिपल वंशपति दुवेदी,एमपी पांडेय, एपीआइसी के अध्यापक गण,प्रबंधक समिति के पदाधिकारी गण आदि ने श्री पांडेय जी को ईश्वर से स्वर्ग में रखने की प्रार्थना करते हुए आत्मा की शांति हेतु और परिजनों को सहन करने की क्षमता प्रदान करने की कामना की।

## विधवा से शादी का झांसा देकर युवक करता रहा दुराचार, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** विधवा से शादी का झांसा देकर एक युवक महीनों बलात्कार करता रहा।जब विधवा शादी की जिद पर अड गयी तो विधवा का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अधिकारियों के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक विधवा का कहना है कि वह तीन बच्चों की मां है। आरोप है कि पति के देहशांत के बाद एक युवक उससे शादी का झांसा देकर महीनों दुराचार करता रहा। आरोप है कि 10 फरवरी 2024 को जब वह शादी की जिद पर अड गयी तो युवक उसे मारा पीटा जान से मारने की धमकी भी दिया तथा उसकी आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। विधवा का आरोप है कि फोटो वायरल होने पर उसकी बहुत बदनामी होने लगी।तब वह अधिकारियों के चौखट पर न्याय की गुहार लगाई। अधिकारियों के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम लोहर का पूरा गधिना निवासी रोहित कुमार पटेल पुत्र अमर सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। मऊआइमा पुलिस का कहना है कि मामला पुराना है जिसकी सच्चाई की जांच की जा रही है।

## सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सड़क पर उतरे अधिवक्ता

### एसडीएम को सौंपा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन



**फूलपुर।** एससी-एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर पर दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ बुधवार को फूलपुर तहसील के अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी कों सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए बहुजन कार्यकर्ता एडवोकेट दिलीप कुमार आजाद ने कहा की हम माननीय सर्वोच्च न्यायालय का सम्मान करते हैं परन्तु हाल में ही सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एससी/एसटी के आरक्षण का उप वर्गीकरण व उसमें भी क्रीमीलेयर निर्धारित करने का अधिकार राज्यों को दिए जाने से सम्पूर्ण बहुजन समाज आहत है। उन्होंने कहा की न्यायालय के इस फैसले से जहां राज्य सरकारों को विभिन्न भर्तियों में मनमानी करने का अवसर मिलेगा वहीं आरक्षित समाज के आरक्षण पर भी गहरा आघात पहुंचेगा। ज्ञापन के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के खिलाफ दिए गए फैसले पर केन्द्र सरकार से उचित कदम उठाए जाने की मांग करते हुए कहा की अगर सरकार अनुसूचित जातियों की हितैषी है तो वो अविलंब संसद सत्र बुलाकर उचित संविधान संशोधन के जरिए ऐसा प्राविधान बनाए की एस सी/ एस टी का उपवर्गीकरण किया ही ना जा सके। अधिवक्ताओं ने ऐसे संशोधन को तत्काल संविधान की 9वीं अनुसूची में भी शामिल करने की मांग की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने भारत बंद का समर्थन करते हुए तहसील मुख्यालय से ब्लाक मुख्यालय तक जुलूस निकाल कर फैसले के खिलाफ अपना विरोध जताया। आरक्षण में वर्गीकरण नहीं चलेगा, संविधान जिंदाबाद लिखी तख्तियां लेकर चल रहे अधिवक्ताओं ने एक बड़े समुदाय के हित में काम करने के लिए सरकार का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। मौके पर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद यादव, शमीम अहमद, सत्यनारायण गौतम, बृजेश गौतम, बड़ेलाल भारतीय, राजेन्द्र भारतीय, राजीव वर्मा, महेश गौतम, राजेन्द्र यादव, कुलदीप गौतम सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### फूलपुर में मिला जुला दिखा भारत बंद का असर

बसपा सुप्रीमो मायावती व अन्य राजनैतिक पार्टियों के आवाहन पर बुधवार को फूलपुर में भारत बंद का मिला जुला असर देखने को मिला। अधिकतर प्रतिष्ठानों एवं दुकानों के शटर जहां गिरें दिखें वहीं कई दुकाने दिन भर खुली रही। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए फूलपुर पुलिस भी पूरी तरह से मुस्तैद रही।

# मुख्यमंत्री ने प्रयागराज में 20 लाख टन उत्पादन क्षमता के सीमेंट प्लांट यूनिट का वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा बुधवार को लखनऊ से जनपद प्रयागराज में बारा तहसील के शंकरगढ़ में निर्मित जेके सीमेंट प्लांट का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री जी के द्वारा वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में डॉ.निधिपति सिधानियां वायस चेयरमैन, एमडी डॉ. राघवपति सिंघानिया व सीईओ डीएमओ माधव कृष्ण सिंघानिया मौजूद रहे। प्रयागराज में नवनिर्मित इस प्लांट की यूनिट की उत्पादन क्षमता 20 लाख टन बताया गया है।मुख्यमंत्री जी के वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन के अवसर पर शंकरगढ़ में आयोजित




कार्यक्रम में विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उपजिलाधिकारी बारा जयजीत कौर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण उपस्थित रहे। उद्घाटन उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश



में लोग निवेश करने से घबराते थे, परंतु अब उनके निवेश व लाभ सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में लोग निवेश कर रहे हैं, जिसके क्रम में प्रयागराज में जेके सीमेंट प्लांट के यूनिट के शुरू होने से क्षेत्र एवं जिले का विकास होगा।

कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक डॉ. वाचस्पति ने कहा कि प्रदेश सरकार ने क्षेत्र का विकास किया है।



हम जेके सीमेंट को धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने बारा तहसील के शंकरगढ़ को चुना। इस कंपनी के लगने से इस क्षेत्र में भी विकास होगा। उन्होंने मंडलयुक्त से कहा कि प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के सामने कई एकड़ जमीन पड़ी है जिसमें सरकार की तरफ से कुछ योजनाएं लगनी थी, परंतु रुकी हुई है। रुके हुए कार्य को शीघ्रता से शुरू कराये जाने के लिए कहा है। उद्घाटन कार्यक्रम में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने भी कंपनी के लोगों से बात कर क्षेत्र में विकास करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में विधायक बारा डा0 वाचस्पति, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत एवं जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल व जेके सीमेंट यूनिट के अधिकारियों ने झंडी दिखाकर सीमेंट लदे गाड़ी को रवाना किया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त बारा संत लाल सरोज, तहसीलदार बारा गणेश सिंह, नायब तहसीलदार राकेश यादव, भारतीय जनता पार्टी के यमुनानगर जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति एवं जेके सीमेंट कंपनी के अधिकारियों सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चर्चित अस्पताल में मुर्दे का भी इलाज करते हैं चिकित्सक

**प्रयागराज।** आयुष्मान कार्ड से पैसा निकालने के लालच में प्रयागराज शहर के एक चर्चित हॉस्पिटल में मरीज की मौत होने के चार दिन बाद तक लाश का इलाज चिकित्सक करते रहे जिससे वह सरकारी खजाने से आयुष्मान योजना का लाखों रुपया निकाल सके सरकारी योजना से लाखों रुपए निकालने के मकसद में इस चर्चित अस्पताल के चिकित्सक सफल हो गए हैं चार दिन बाद जब पीड़ित परिवार के लोगों ने हो हल्ला मचाया मामले की शिकायत प्रयागराज से लेकर लखनऊ तक के अधिकारियों से पीड़ित परिवार के लोगों ने की शिकायत के बाद अस्पताल से परिजनों को लाश मिल सकी है । जानकारी के मुताबिक किडनी डैमेज होने के कारण चित्रकूट जनपद के मऊ थाना अंतर्गत गढ़वा गांव निवासी भुल्लन पुत्र श्रीनाथ को एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के एक बहुचर्चित हॉस्पिटल में परिजनों ने एक सप्ताह पहले एडमिट कराया था जिसकी मौत तीन दिन पहले हो चुकी थी लेकिन डाक्टरों ने आयुष्मान कार्ड से लाखो रुपए निकालने के लिए लाश का इलाज करते रह गए ट्वीट करने के बाद

> **आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस अस्पताल के संचालकों का प्रयागराज की धरती में है बड़ी सोहरत**
>
> **आयुष्मान कार्ड से पैसा निकालने के लिए प्रयागराज के एक चर्चित हॉस्पिटल में चार दिन तक लाश का इलाज करते रहे चिकित्सक**

लाश परिजनों को सौंप दिया गया है आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस अस्पताल पर मरीज और उनके परिवार के लोगों को खास भरोसा है । और इस अस्पताल के संचालकों का प्रयागराज की धरती में बड़ी सोहरत है लेकिन उसके बाद इस तरह के घिनौने खेल करने से अस्पताल के संचालक और चिकित्सक बाज नहीं आ रहे हैं मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यदि बिंदुवार जांच कराई तो अस्पताल संचालक और चिकित्सको पर मुकदमा दर्ज होगा और अस्पताल का पंजीकरण भी निरस्त हो सकता है।

## दो गुटों में चले लाठी, डंडे दहशत फैलाने के लिए की गई फायरिंग

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में त्रिवेणीपुरम में बुधवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर दो परिवार आपस मे भिड़ गए। इस दौरान एक गुट ने तमंचे से फायर कर दहशत फैलादी। सूचना पर पहुंची सीआरबी ने खोखा बरामद किया। झूंसी पुलिस मामले की जांच कर रही है। झूंसी थाना के शेरडीह गांव के दो परिवारों में रंजिश चल रही है हफ्ते भर पहले भी मारपीट हुई थी। दोनों बुधवार की सुबह फिर भीड़ गए। बाइक से लाठी डंडा व लोहे की राड लेकर त्रिवेणीपुरम चौराहा पहुंचे और एक दूसरे पर पिल पड़े। एक गुट ने तमंचे से हवा में फायरिंग भी की। जिससे लोग इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने 112 डायल कर पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची सीआरबी पुलिस ने एक खोखा बरामद किया। जिसे झूंसी पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह का कहना है दोनों एक ही गांव के हैं। दोनों गुटों में पूर्व भी विवाद हो चुका है। बुधवार की सुबह के विवाद में जयप्रकाश यादव नाम के व्यक्ति को चोट आई है, उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## 10 हजार रिश्वत लेते राजस्व निरीक्षक गिरफ्तार

● पैमाइश के लिए महिला से मांगे थे पैसे, विजिलेंस टीम ने ट्रैप कर पकड़ा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राजस्व निरीक्षक को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया। विजिलेंस टीम ने बुधवार को सदर तहसील के राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र को रंगे हाथ पकड़ लिया। एक महिला की शिकायत पर पहले उसे टीम ने ट्रैप किया। फिर सुभाष चौराहे के पास से खींचकर ले गई।असल में धूमनगंज के ग्यासउद्दीनपुर की रहने वाली सुमन देवी शिकायत किया था कि उनकी पुश्तैनी जमीन शाहा उर्फ पीपल गांव तहसील सदर प्रयागराज में है। सुमन देवी ने बताया कि पति की मृत्यु के बाद नाम दर्ज हो चुका है। जमीन पर दबंग लोग कब्जा करना चाहते हैं, जिसकी धारा-24 के अन्तर्गत पैमाइश के लिए



ऑनलाइन आवेदन किया था।पैमाइश राजस्व निरीक्षक ने गलत की थी। आपत्ति के बाद एसडीएम ने पुनः पैमाइश करके रिपोर्ट देने के लिए कहा था। जमीन की देखरेख व मुकदमे की पैरवी मनोज कुमार पुत्र शिवबरन सिंह करते हैं। सुमन देवी का आरोप है कि वह मनोज कुमार के साथ मिलकर राजस्व निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा से मिलने गईं तो 10,000 रुपए रिश्वत मांगी गई। रामकृष्ण मिश्रा राजस्व निरीक्षक ने 10,000 रुपए लेकर बुलाया।

## न्यूज झरोखा

### हंडिया में असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य का स्वागत



**प्रयागराज।** प्रयागराज के हंडिया स्थित डॉक्टर देवराज सिंह हॉस्पिटल पहुंचे असम के राज्यपाल लक्षण आचार्य का प्रयागराज के वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीके सिंह द्वारा माल्यार्पण कर व पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत अभिनंदन किया । इस दौरान वहा मौजूद भारी संख्या में लोगों द्वारा उन्हें सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर स्वागत अभिनंदन किया गया ' लोगों का अपने प्रति इस अटूट प्रेम को देखते हुए उन्होंने वहा मौजूद सभी कार्यकताओं का दिल से आभार व्यक्त किया । बुधवार को प्रयागराज के सहसो से वाराणसी जाते वक्त असम के राज्यपाल लक्षण आचार्य का काफिला जैसे ही हंडिया पहुंचा, उनके इंतजार में खड़े भारी संख्या में लोगों के दिलों में उत्साह और स्नेह देखने को मिला ।हंडिया पहुंचते ही राज्यपाल लक्षण आचार्य सर्वप्रथम वहां मौजूद डॉक्टर देवराज सिंह हॉस्पिटल पहुंचे। वहां मौजूद अपने चाहने वालों से मुलाकात की । इस दौरान डॉक्टर वीके सिंह समेत अन्य लोगों ने उन्हें माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र भेट कर स्वागत अभिनंदन किया ।असम के राज्यपाल के हंडिया आगमन पर उनके सुरक्षा में भारी संख्या में पुलिस प्रशासन मौजूद रही ।

### नैनी कोतवाली प्रभारी द्वारा पैदल गश्त कर वाहनों की सघन चेकिंग की गई



**नैनी।** नैनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वैभव सिंह द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के दृष्टिगत थाना नैनी मेवालाल बगिया सब्जी मंडी शंकर ढाल व प्रमुख चौराहों, बाजारों, व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की सघन चेकिंग की गई इस मौके पर छिवकी चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह एवं नैनी थाना उप निरीक्षक बृजेश यादव एवं नैनी थाना महिला उप निरीक्षक समस्त पुलिस बल के साथ विशेष पुलिस अधिकारी प्रभारी एवं संचालक आशीष जायसवाल मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 90 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा आयोजित पं0हनुमतदत्त त्रिपाठी इ0का0, इस्माइलगंज, सोरांव, प्रयागराज परिसर में बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 90 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 146 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया।इस कार्यक्रम में प्रबंधक महेशपति त्रिपाठी, प्रधनाचार्य वेद प्रकाश मिश्रा एवं सेवायोजन कार्यालय से मेला प्रभारी मारूफ अहमद, प्रमाद पाण्डेय, राम कृष्ण भरतीय, अवधेश कुमार, तौहीद अहमद एवं बद्री नाथ कुशवाहा व विघालय के कमलेश पाण्डेय,धर्मेन्द्र पाण्डेय, अतुल कुमार, व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन, प्रयागराज ने दी है।



## हाईकोर्ट समाचार

### सपा नेता आजम खान मामले में आज हाईकार्ट में सुनवाई

**प्रयागराज।** जेल में बंद सपा नेता आजम खान की क्रिमिनल रिवीजन याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज सुनवाई होगी। रामपुर में सीएम योगी, डीएम और अन्य अधिकारियों के खिलाफ सपा नेता आजम खान द्वारा दी गई हेट स्पीच के मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है।हेट स्पीच मामले में आजम खान ने रामपुर एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट द्वारा अपील खारिज होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की है। जस्टिस समित गोपाल की सिंगल बेंच मामले में सुनवाई करेगी। पिछली सुनवाई में इलाहाबाद कोर्ट ने आजम खान के वकील को जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया था। हाईकोर्ट ट्रायल कोर्ट का रिकॉर्ड भी तलब कर चुका है।

**आजम को मिली है दो साल कैद की सजा** : 23 जनवरी 2024 को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने आजम खान द्वारा ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपील खारिज कर दी थी। रामपुर एमपी-एमएलए ट्रायल कोर्ट ने 15 जुलाई 2023 को सपा नेता को नफरती भाषण देने का दोषी मानते हुए दो साल की कैद और 2500 रुपये जुमार्ना अदा करने सजा की सुनाई थी।ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ सपा नेता ने एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में अपील दायर की थी। 23 जनवरी 2024 को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने नफरती भाषण के मामले में आजम खान को कोई राहत न देते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए अपील को खारिज किया था।2019 के लोकसभा चुनाव में रामपुर के शहजादनगर थाने में आजम खान के खिलाफ हेट स्पीच का मामला दर्ज किया गया था।लोकसभा चुनाव के दौरान आठ अप्रैल 2019 को सपा नेता आजम खां ने रामपुर के शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा गांव में सीएम योगी और डीएम व अन्य अधिकारियों के खिलाफ नफरती भाषण दिया था।इस हेट स्पीच का वीडियो वायरल होने के बाद दस अप्रैल 2019 को एडीओ कोऑपरेटिव अनिल कुमार चौहान ने आजम खान के खिलाफ शहजादनगर थाने में नफरती भाषण देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था।पुलिस ने धारा 171 जी, 505 (1) (बी) आईपीसी व 125 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत केस दर्ज किया था। इस मुकदमे के आधार पर शहजादनगर पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। ट्रायल कोर्ट ने सुनवाई के बाद 15 जुलाई 2023 को सपा नेता को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई थी।

### गायों से करता था घिनौना कृत्य, जमानत देने से इंकार

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा-वीडियो फुटेज, मेडिकल रिपोर्ट है; बेल का हकदार नहीं**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने के आरोपी एक व्यक्ति को जमानत देने से इनकार कर दिया। मामला हापुड़ जिले के हापुड़ नगर थाने में दर्ज केस का है। आरोपी हरिकिशन को इस अप्राकृतिक कृत्य में जून 2023 में आईपीसी की धारा 377 के तहत एफआईआर दर्ज करने के बाद गिरफ्तार किया गया।आरोप है कि उसे गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य करते देखा गया था। याची ने हाईकोर्ट के समक्ष दूसरी जमानत याचिका दायर की। जिसमें उनके वकील ने तर्क दिया कि वह निर्दोष हैं और उन्हें इस अपराध में झूठा फंसाया गया है।

**जमानत के लिए दिए गए तर्क कोर्ट ने नहीं मानें** : आरोपी याची के वकील का यह भी तर्क था कि सूचना देने वाले ने अपने समर्थक के साथ मिलीभगत करके वर्तमान ग्राम प्रधान को हराने और अपरोक्ष रूप से ग्राम प्रधान को निशाना बनाने के लिए आवेदक के खिलाफ दो दिन की देरी से एफआईआर दर्ज कराई।क्योंकि आवेदक वर्तमान ग्राम प्रधान के परिवार से संबंधित है। आगे यह भी कहा गया कि जब पहली जमानत पर सुनवाई हुई थी तब किसी गवाह से पूछताछ नहीं की गई थी। कहा गया कि अब चार गवाहों से पूछताछ की गई है, लेकिन उनमें से किसी ने भी अभियोजन पक्ष की कहानी का समर्थन नहीं किया है।इसलिए, उन्हें पक्षद्रोही घोषित कर दिया गया।यह भी तर्क दिया गया कि घटना का वीडियो बनाने वाले का नाम और वह मोबाइल नंबर जिसके माध्यम से वीडियो वायरल हुआ, उसका खुलासा न तो एफआईआर में किया गया और न ही किसी गवाह के बयान में। इसे देखते हुए कोर्ट से यह प्रार्थना की गई कि आरोपी याची को जमानत पर रिहा किया जाए। दूसरी ओर, राज्य की ओर से उपस्थित ए.जी.ए. ने जमानत दिए जाने की प्रार्थना का विरोध किया तथा कहा कि आवेदक ने गौशाला में गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया है, जिसकी पुष्टि वीडियो फुटेज से होती है।

**जमानत का कोई आधार नहीं** : इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए तथा कोर्ट में दाखिल पत्रजातों को देखने के बाद न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल ने कहा कि आवेदक ने गौशाला में गायों के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया था, जिसकी पुष्टि वीडियो फुटेज और मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी की मेडिकल रिपोर्ट से हुई है।विशेष रूप से, न्यायालय ने आगे यह भी माना कि आवेदक के वकील ने तत्काल जमानत आवेदन में कोई नया आधार नहीं लिया था। इसलिए, मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त किए बिना, न्यायालय ने आरोपी आवेदक को जमानत देने से इनकार कर दिया।

## होनहारों छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** पटेल नगर स्थित एमआरएस स्कूल और कॉलेज में होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व न्यायाधीश पवन तिवारी ने कहा कि सफल छात्रों से सभी विद्यार्थियों को सीख लेनी चाहिए। आप सभी को शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर के देश और समाज के विकाश में योगदान देना होगा। प्रबंधक अरविंद सिंह ने बताया कि स्कूल के छात्रों ने नीट की परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से मो. मुजस्सम, अनुराग यादव, स्वास्तिक पांडेय, इशिका वर्मा, श्वेता विश्वकर्मा रहे। प्रधानाचार्या चित्रा भद्रा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अंकित सिंह, सनी सिंह, आनंद सिंह, राघवेन्द्र श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## औद्योगिक क्षेत्र सड़वा कला में लोग पानी के लिए परेशान

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र स्थित नगर निगम वार्ड नंबर 70 के अंतर्गत सड़वा कला में बीते 6 दिन से उपकरण जलने से लोग बिन पानी के 6 दिन बीत जाने के बाद भी संबंधित जल निगम से जुड़े लापरवाह अधिकारियों की फौज अब तक जले हुए उपकरण का मरम्मत कार्य नहीं करा पाए संबंधित जल निगम उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन है। जहां सरकार हर घर जल देने में जुटी हुई है। वहीं ऐसे जल निगम विभाग का होना न होना एक बराबर है। इतना ही नहीं संबंधित जन प्रतिनिधि चाहे वह विधायक हो, चाहे वह पार्षद हो, चाहे कोई भी हो 6 दिन से एक बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं और किसी प्रकार वह अपनी जरूरतें पूरी करने में जुटे हैं। लोगों का आरोप है कि जन प्रतिनिधियों को पूर्ण रूप से जानकारी होने के बाद भी गहरी नींद में सो रहे हैं।

## एसआरएन अस्पताल में छत से टपक रहा पानी

**इमरजेंसी सर्जिकल वार्ड की स्थिति बदतर, भर्ती मरीजों को हो रही परेशानी**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर लगातार 10 दिनों से कार्य बहिष्कार हैं। वहीं दूसरी तरफ अस्पताल के वार्डों की स्थिति भी दयनीय है। इमरजेंसी सर्जिकल वार्ड की स्थिति यह है कि यहां कई महीनों से फाल सीलिंग से पानी टपक रहा है। पानी वार्ड के अंदर न फैले इसके लिए कर्मचारियों ने डस्टबिन रख दिए। यहां इमरजेंसी सर्जिकल मेल और फीमेल दोनों अलग-अलग वार्ड हैं। कुछ कर्मचारियों ने बताया कि यह एसी का पानी टपक रहा है। जबकि हकीकत तो यह है कि इस वार्ड का ऐसी पिछली बार कब चला था यह तो यहां के कर्मचारियों को भी नहीं पता। वह भी खराब हो चुकी है। मेल वार्ड में पूरी तरह फाल सीलिंग ही क्षतिग्रस्त है यह मरीजों पर कब गिर जाए, यह नहीं कहा जा सकता है। एसआरएन अस्पताल के इन दोनों वार्ड में कहने के लिए तो बाथरुम बने हैं लेकिन इसे लाइन से जोड़ा ही नहीं गया। अब यहां भर्ती मरीज कहां जाएं मरीज इसकी शिकायत अस्पताल के स्टाफ से तो करते रहते हैं लेकिन उनकी सुने कौन।

## महिला डॉक्टर के साथ अमानवीय घटना से आज पूरा देश दुःखी है: डॉ. मिथिलेश बिंद

**नैनी।** कोलकाता में हुई महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या मामले में इंसाफ और न्याय मांगने को लेकर सुभाष चौराहा, सिविल लाइंस में बुधवार को विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च निकाला गया। इस प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा डॉक्टर व पदाधिकारी,सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने का कार्य किया। यह एक शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया,जिसमें कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनिंग लेडी डॉक्टर के साथ रेप और उनकी निर्मम हत्या के विरोध में किया गया । डॉ मिथिलेश बिंद ने कहा की इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। दोषियों को सजा देने के लिए एक न्यायिक खंडपीठ का गठन हो जिसके द्वारा दोषियों को बिना विलंब किए फांसी की सजा देने का कार्य किया जाए। ऐसे घृणित कार्य के लिए अदालतों के चक्कर काटने से




समाज में व्याप्त कुरीतियों का अंत असंभव है। इस प्रदर्शन के माध्यम से अनुप कुमार बिंद ने यह मांग रखी कि इस नृशंस घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई हो और आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। यह घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। वहीं डॉक्टर विनय ने इस विरोध प्रदर्शन के माध्यम से मांग किया कि केंद्र सरकार सभी राज्य के डॉक्टरों को उचित सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए खास तौर पर महिला डॉक्टर को जिससे वह देश सेवा को और अच्छे तरीके से निर्वहन कर सके। तथा आने वाले समय में ऐसी कोई भी घटना कभी घटित ना हो सके।

**आवश्यकता है**

**महावीर कालेज ऑफ हायर एजुकेशन**
**जीटी रोड अबूसा मोड, सरायइनायत, प्रयागराज।**

सम्बद्ध-प्रो० राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय प्रयागराज।

निम्न पदों हेतु सहा० आचार्य की आवश्यकता है- स्नातक स्तर विज्ञान संकाय – भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान एवं वनस्पति विज्ञान प्रत्येक 01 पद।

बी०सी०ए०- 04 पद, बी०बी०ए०-04 पद, बी०एड० हेतु -05 पद, भाषा 02, दर्शनशास्त्र 01, विज्ञान 01 एवं संगीत 01 पद।

वेतन यू०जी०सी० मानकानुसार। विज्ञापन के 10 दिनों के अन्दर आवेदन महाविद्यालय में जमा करें।

प्रबंधक
मो0: 9621377282, 8299684182
Email- mpsallahabad@gmail.com

# वृक्षारोपण अभियान के दौरान रोपित किये गये पौधों की सुरक्षा करेः जिलाधिकारी

### 52 लाख 91 हजार 29 पौधो को लगाने का लक्ष्य पूरा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएफओ ने बताया कि जनपद में निर्धारित वृक्षारोपण के लक्ष्य 52 लाख 91 हजार 029 पौधों को शत प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वृक्षारोपण के जियो टैग के सम्बन्ध में बताया गया कि बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के जियो टैग का प्रतिशत कम है जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जियो टैग शत् प्रतिशत



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग का जियो टैग का प्रतिशत सबसे कम पाया गया जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर जियो टैग का पूर्ण किया जाये। डीसी मनरेगा को निर्देशित किया गया कि जो पौधे लगाये गये उसकी सुरक्षा एवं देखभाल करते रहे। उन्होंने डीसी मनरेगा व खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि तालाबों के किनारे मेड़बन्दी कराकर फलदार वृक्ष लगाया जाये। वन विभाग को निर्देशित किया हर गांव में वाटिका का प्लान बनाकर पौधे के बीजों की बुवाई कर पौधे तैयार कराये जाये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौ आश्रय स्थलों पर पीपल, पाकड़ व बरगद के पौधे लगाये जाये। उद्यान विभाग अधिकारी द्वारा बताया गया कि 28 हेक्टेयर में आंवला व 10 हेक्टेयर में आम के पौधे लगाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्थलों का चिन्हांकन कर आंवला व आम के पौधे लगाये जाये।

बैठक में एलायन्स क्लब इण्टरनेशनल डायरेक्टर रोशन लाल ऊमरवैश्य ने क्लब द्वारा जनमानस को पौध रोपण के लिये गांव व शहर में जागरूकता अभियान के किये गये कार्यो की फोटो व समाचार पत्र की कतरन की बुकलेट को जिलाधिकारी को भेट किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, डीएफओ जगदम्बिका प्रसाद, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, पर्यावरण सेना के अजय क्रान्तिकारी व सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेंहदी में चैलेंजर व कला में अचीवर हाउस ने बाजी मारी

### न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में हुई मेंहदी व कला प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सी से स्कूल में इण्टर हाउस मेहंदी और कला की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। अचीवर हाउस, बिलीवर हाउस, चैलेंजर हाउस,कान्करर हाउस के कक्षा 6 से कक्षा 9 के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

मेहंदी प्रतियोगिता के लिये मंजू मिश्रा और पूनम श्रीवास्तव को और कला प्रतियोगिता के लिये सुमन सिंह और श्रीमती नीरज को जज नियुक्त किया गया प्रधानाचार्य बी के सोनी ने बताया कि मेहंदी लगाना हमारे देश की जीवंत परम्परा है इसे लगभग सभी धर्मों के लोग शुभ कार्यों में लगाते हैं और मेहंदी प्रतियोगिता हमारी संस्कृतियो को जोड़ती है, शांति, एकता



मेहंदी व कला में भाग लेने वाले न्यू एंजिल्स के बच्चे।

और सद्भावना को बढ़ावा देती है और कला आत्म अभिव्यक्ति का एक रूप है ये हमारे जीवन को समृद्ध बनाती है। मेहंदी और कला दोनो प्रतियोगिताओं में बिलीवर हाउस ने विजय प्राप्त की। चैलेंजर हाउस मेहंदी में और अचीवर हाउस कला में द्वितीय स्थान पर रहा। कार्यक्रम का समापन करते हुए चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने मेहंदी और कला के विनर और रनर हाउस के बच्चों को बधाई देते हुए कहा सवाल जीत और हार का नहीं होना चाहिये सवाल प्रतिभागिता का होना चाहिये। वे सभी बच्चे बधाई के पात्र हैं जिन्होने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। कर्म करो फल की इच्छा मत करो यही जीवन का सिद्धांत होना चाहिए।

# 25 लाख चोरी को 101 मोबाईल पुलिस ने किया बरामद

### एसपी ने वितरित किया चोरी का मोबाईल मालिको को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एसपी डॉ0 अनिल कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश कुमार सिंह के निर्देशन में सर्विलांस सेल प्रतापगढ़ की बड़ी कार्यवाही हुई है।

वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार छानबीन के दौरान चोरी/गुम हुए कुल 101 मोबाइल फोन कुल अनुमानित कीमत 25 लाख रूपये बरामद । एसपी द्वारा बरामद सभी 101 स्मार्ट फोनों को उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द। झारखण्ड, हिमांचल, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, प्रयागराज, प्रतापगढ़, कानपुर, बहराइच,



पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार बरामद चोरी का मोबाईल मालिको को देते।

रायबरेली, लखनऊ, नई दिल्ली, कर्नाटक, बिहार राज्यों व जनपदों से बरामद किये गये कुल 101 स्मार्ट मोबाइल फोन।

सर्विलांस टीम से प्रभारी उ0नि0 सुनील यादव मय हमराह मु0आ0 पंकज दूबे, आ0 प्रवीण, आ0 सनोज कुमार, आ0 संजय कुमार, आ0 अनुपम पाथरे, आ0 अरविन्द दूबे, आ0 जागीर सिंह, आ0 श्रीराम द्वारा कड़ी मेहनत कर लोकेशन मे बने रहे।

### परियावां बाजार मे बैटरी वाले वाहनो से आये दिन लगता है जाम

**परियावां प्रतापगढ़।** जनपद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां लवाना मार्ग पर परियावां बाजार से लगभग 150 ऑटो ई रिक्शा सड़क पर फर्राटा मार रहे है जिसके चलते बुधवार व शनिवार को परियावां बाजार मे रेलवे फाटक से लेकर स्टेटबैंक तक छोटे बड़े वाहनों का दोनो तरफ अच्छा खासा जाम लग जाता है जिसमे साईकिल व मोटर साइकिल् सर्वा के साथ। पैदल निकलना दुस्वार हो जाता है जिसका नजारा बुधवार को परियावां रेलवे फाटक से लेकर स्टेट बैंक तक बीच मे ईट से लदा ट्रैक्टर आ जाने से छोटे वाहन नही निकल पाये जिससे आधे घंटे तक दुपहिया व बैटरी ई रिक्शा के चालक लोग परेशान रहे इस दौरान स्थानीय पुलिस भी नही दिखाई दी काफी मशक्त के बाद किसी तरह आवागमन बहाल होने पर लोगो को राहत मिली।

# जनपदीय विद्यालयीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में यूपीएस कटरा गुलाब सिंह बना विजेता’

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपदीय विद्यालयीय बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता स्पोर्ट स्टेडियम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ श्री कुलश्रेष्ठ तिवारी जी के संयोजकत्व में संपन्न हुआ प्रतियोगिता का शुभारंभ पूनम लता राज जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रतापगढ़ ने किया। सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में यूपीएस कटरा गुलाब सिंह का मुकाबला यूपीएस तुलसी का पुरवा से हुआ। जिसमें यूपीएस कटरा गुलाब सिंह बालक बालिका दोनों वर्ग में सिंगल डबल्स में विजेता रहा । कटरा गुलाब सिंह से सूरज, मनीष मोहम्मद अनस,नदीम,आयूष,हमजा, समरीन



विजेता टीम व उनके शिक्षक।

रोजी,सिमरन जैनब आदि बच्चों ने प्रतिभाग किया।यूपीएस तुलसी का पुरवा उपविजेता रहा। जूनियर/ सीनियर बालक वर्ग में सिंगल एवं डबल्स में अबुल कलाम इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ विजेता एवं अमर जनता इंटर कॉलेज कटरा गुलाब सिंह बालिका वर्ग एकल में विजेता रहा। इस प्रतियोगिता में यूपीएस मांधाता प्रथम, इंटर कॉलेज मान्धाता,अबुल कलाम इंटर कॉलेज, अमर जनता इंटर कॉलेज, संत एंथोनी इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने प्रतिभाग किया ।इस मौके पर आबाद अहमद सचिव दिनेश चंद्र पाण्डेय संजीव कुमार (गेम टीचर) सुशील कुमार जिला स्काउट मास्टर, श्रीमती मंजू सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका, रामकुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक, कौशलेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, मोहम्मद फरहीम, रोशन आदि उपस्थित रहे । विजेता टीम मंडलीय प्रतियोगिता प्रयागराज में दिनांक 24 अगस्त को प्रतिभाग करेगी।




डाक्टर के साथ दुष्कर्म के विरोध में कैन्डिल मार्च निकालते पदाधिकारी।

# कोलकाता में ट्रेनी डाक्टर के साथ हुए दुष्कर्म के दोषियों हो फांसीः प्रमोद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज जिले में चिलबिला चौराहा से हनुमान मंदिर सुल्तानपुर रोड तक पैदल मार्च निकालकर अपना विरोध प्रकट किया साथ ही मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की कोर कमेटी व संस्थापक प्रमोद पाण्डेय के दिशा-निर्देश मे दी गई श्रद्धांजलि। पैदल मार्च में सम्मिलित प्रमुख लोगों में ट्रस्ट परिवार से प्रतापगढ़ जिला प्रभारी सुभाष चंद्र मिश्र ने कैंडल मार्ग का प्रतिनिधित्व किया। जिला संयोजक अमेठी, सुल्तानपुर , प्रतापगढ़ शिक्षक अजय यादव, जिला अध्यक्ष अनिल पाण्डेय, जिला महामंत्री शिक्षक राजेश मिश्र जिला अध्यक्ष अमेठी राजेश गुप्ता भोजवाल, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनूप गुप्ता, बीबीएनडी

### गाली मुक्त समाज ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने निकाला कैंडल मार्च

ब्लॉक से शिवराम गुप्ता, रवि गुप्ता, रोहित पाण्डेय, राज पाण्डेय, अरविंद कश्यप, निखिल गुप्ता, नितिन गुप्ता भोजवाल,संडवा चंद्रिकन ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार पदाधिकारी एवम् सदस्यगण उपस्थित रहेस उपस्थित गणमान्य जनों मे नगर चिलबिला से वरिष्ठ समाज सेवी श्याम सुंदर टाऊ जी,समाजसेवी बृजेश पाण्डे जी, सभासद पवन गुप्ता जी ,रामकृष्ण टाऊ जी, एबीवीपी नगर मंत्री अभिषेक उमरवैश्य, नंदलाल गुप्ता, छोटेलाल सोनी, वल्लभ उमरवैश्य, गुड्डू उमर वैश्य आदि सैकड़ों लोग सम्मिलित हुए।

# साहसिक मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय बदमाश हुआ चुटहिल, चोरी गये बेशकीमती आभूषण हुए बरामद

### लालगंज कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम को मिली बड़ी कामयाबी, एसपी समेत अफसरों ने मातहतों की थपथपाई पीठ

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस व एसओजी ने बदमाशो से साहसिक मुठभेड कर चोरी की हाल ही में लालगंज क्षेत्र में हुई दो बडी वारदातों का खुलासा करने में सफलता ली है। वहीं पुलिस ने मुठभेड़ कर एक अन्तर्जनपदीय शातिर बदमाश को धर दबोचा।

पुलिसिया मुठभेड में गिरफ्त में आये बदमाश के पैर में गोली लगी है। हालांकि अंधेरे का लाभ उठाकर एक बदमाश फरार हो गया। घायलावस्था में पकड़े गये बदमाश का पुलिस अभिरक्षा में प्रयागराज मेडिकल कालेज में उपचार जारी बताया गया है। पुलिस के लिए कामयाबी में सबसे बड़ी सफलता मुठभेड़ में दबोचे गये बदमाश के पास से मौके पर गिरी बाइक व बैग में रखे चोरी की घटनाओं में चोरी हुए भारी मात्रा में सोने चांदी के कीमती जेवरात व इक्कीस हजार पांच सौ रूपये नकद भी बरामद हुए हैं।

एसपी डॉ. अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर मंगलवार की रात लालगंज कोतवाल नीरज यादव कोतवाली के वर्मा नगर तिराहे पर चेकिंग अभियान में फोर्स के साथ डटे थे। चेकिंग के दौरान ही पुलिस को मुखबिरी हुई कि दो संदिग्ध बदमाश इलाके में मौजूद है। कोतवाल नीरज यादव ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। एसपी के निर्देश पर स्वाट टीम प्रभारी सुनील यादव भी फोर्स के साथ वर्मा नगर आ धमके। सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर भी कोतवाली तथा स्वाट टीम की कार्रवाई को लेकर मुस्तैद हो उठे। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वर्मा नगर तिराहे के समीप राजेन्द्र नगर मोड़ पर बाइक सवार दो संदिग्ध पुलिस को देख नहर मार्ग से भागने



लालगंज ट्रामा सेण्टर में मुठभेड़ में घायल बदमाश का इलाज कराती पुलिस।

लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने पुलिस पर फायर झोंकना शुरू किया।

इधर से कोतवाल नीरज यादव भी खुद बदमाशों पर जबाबी फायरिंग करने लगे। पुलिस फोर्स व स्वाट टीम भी बदमाशों की फायरिंग का जबाब देने लगी। शीतलमऊ बरगदहा में लालगंज-कालाकांकर मार्ग पर पुलिस फायरिंग में भाग रहे एक बदमाश के पैर में गोली लगी तो वह मौके पर गिर पड़ा।

दूसरा बदमाश लालगंज से सांगीपुर की तरफ बाइक से भागने लगा। पुलिस सूचना पर सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी ने फोर्स के साथ भाग रहे बदमाश का पीछा जरूर किया। हालांकि अंधेरे के चलते बदमाश पुलिस शिकंजे में नही आ सका। पकडे गये बदमाश की तलाशी लेने पर उसके पास से एक तमंचा तथा दो कारतूस बरामद हुआ। जबकि मौके पर ही फरार बदमाश के भी कारतूस गिर गये थे। इसे भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मुठभेड़ में घायल बदमाश को फोर्स फौरन लालगंज ट्रामा सेण्टर ले आयी। यहां पूछताछ के दौरान उसकी पहचान पडोसी जिले अमेठी जिले के गौरीगंज थाना के मुसाफिरखाना रोड निवासी प्रकाश उर्फ जेपी उर्फ रामजियावन वर्मा 26 पुत्र स्व. राममूरत वर्मा की हुई। मुठभेड़ में पुलिस ने लालगंज नगर क्षेत्र में रक्षाबंधन के दिन अधिवक्ता रवीन्द्र तिवारी के घर से हुई चोरी में सोने का गले का हार, कंगन, अंगूठी, चांदी की पायलें, तीन जोड़ी बिंदिया तथा लालगंज के ही ढिगवस निवासी किराये के मकान मे रह रहे प्रदीप शर्मा के घर से चोरी हुए चार सोने का झुमका, मंगलसूत्र, नाक की कीलें, चांदी की करधनी आदि समेत इक्कीस हजार पांच सौ रूपये बरामद हुये। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। वहीं मुठभेड में दबोचे गये आरोपी के खिलाफ अमेठी जिले में हत्या के प्रयास, लूट, छिनैती, अपहरण, चोरी समेत चैदह मुकदमें दर्ज हैं। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि चोरी की बड़ी वारदातों का खुलासा करने को लेकर कोतवाली पुलिस की टीम के साथ स्वाट टीम के लिए एसपी से इनाम की संस्तुति की गयी है। वही कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम के अपराध नियंत्रण अभियान में इस बडी कामयाबी को लेकर एसपी डॉ. अनिल कुमार ने भी मातहतों की पीठ थपथपाई है।

### जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी समेत जिला के पदाधिकारी आज जाएंगे पद ग्रहण समारोह में भाग लेने

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय कार्य समिति का चुनाव विगत दिनों लखनऊ में संपन्न हुआ जिसमें रा./प्रां अध्यक्ष बनवारी लाल को पुनः रा./प्रां. अध्यक्ष और वरिष्ठ प्रांतीय महामंत्री रमेश चंद्र अग्रहरी को चुनने के बाद इनका पद ग्रहण कल 22 अगस्त 2024 को प्रातः 10 बजे से अयोध्या नगरी के मानस भवन राम घाट चौराहा परिक्रमा मार्ग अयोध्या में होगा। उपरोक्त प्रांतीय कार्य समिति के शपथ ग्रहण समारोह में सहभाग लेने प्रतापगढ़ जनपद के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी महामंत्री संजय सोनी कोषाध्यक्ष अभय खंडेलवाल प्रांतीय सदस्य प्रवीण केसरवानी मंत्री राहुल केसरवानी संगठन मंत्री सरदार कुलविंदर सिंह मीडिया प्रभारी जगदीश मौर्य (जंबो) श्याम शंकर सिंह आदि अन्य कई लोग कल प्रातः अयोध्या जाएंगे।

# आदर्श नगर पंचायत में लगा हैंडपंप कूड़े के ढेर में हुआ तब्दील

### नगर पंचायत कर्मी जानकर भी बने अनजान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी प्रतापगढ़।** आदर्श नगर पंचायत पट्टी के मेला ग्राउंड मंदिर के पास लगा इंडिया मार्का हैंडपंप कचरो के ढेर में तब्दील हो गया है जिम्मेदार लोग अनजान बने हुए हैं

कस्बे के मेला ग्राउंड के पास राम जानकी मंदिर के बगल में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप जो कि इस समय कचरो की ढेर में तब्दील हो गया है। बता दें कि हजारों रुपए खर्च कर लगवाए गए इंडिया मार्का हैंडपंप की देखरेख न होने की वजह से इस समय कचरो की ढेर में तब्दील हो गया है और नल के चारों तरफ अंबार लगा हुआ है। जिसको लेकर नगर वासियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### कस्बे के मेला ग्राउंड के पास राम जानकी मंदिर के सामने का मामला

वहीं कस्बे के रहने वाले अवधेश सिंह ने बताया कि यहां पर राम जानकी मंदिर है और लोग पूजा पाठ करने के लिए आते हैं लेकिन इस ओर आदर्श नगर पंचायत कर्मियों का ध्यान नहीं जा रहा है जो की इंडिया मार्का हैंडपंप एकदम कचरो की ढेर में तब्दील हो गया है। जिम्मेदार लोगों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में आदर्श नगर पंचायत इओ से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल नाट रीचेबल बता रहा था ।

# आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एसडीएम व सीओ का फूंका पुतला

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अधिवक्ता की पत्नी पर दर्ज धोखाधड़ी के मुकदमे में आरोप पत्र दाखिल किए जाने से तहसील के अधिवक्ता आंदोलनरत हो गए और नारेबाजी करते हुए बीच सड़क पर एसडीएम व सीओ का पुतला दहन कर मुर्दाबाद के नारे लगाए।

बता दें पट्टी तहसील के अधिवक्ता रणविजय सिंह की पत्नी ज्योती सिंह ने एक भूमि का बैनामा लिया है। जिस भूमि का बैनामा लिया गया है उस भूमि के दाखिल खारिज होने के बाद खतौनी में भी नाम दर्ज है। आरोप है कि मामले में बैनामेदार की पत्नी द्वारा गलत तरीके से धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है जिसमें विवेचक द्वारा बिना साक्ष्य संकलन के आरोप पत्र (चार्ज शीट) भेज दी गई। जबकि पूर्व में रहे अधिकारियों द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि मामले में जांच कर फाइनल रिपोर्ट लगाई जाएगी।

अब वर्तमान में तैनात अधिकारियों के तबादले के बाद विवेचक द्वारा बिना साक्ष्य संकलन के चार्ज शीट भेज दी गई। मामले की जानकारी जब अधिवक्ताओं को हुई तो अधिवक्ताओं ने एकजुट होते हुए तहसील गेट में ताला जड़ दिया और जमकर नारेबाजी की।आक्रोशित अधिवक्ता बीते मंगलवार से विरोध प्रदर्शन करते हुए तहसील में तालाबंदी कर भेजी गई चार्ज शीट को पुनः दूसरे जांच अधिकारी से विवेचना कराने की मांग की। जब अधिवक्ताओं की मांग पूरी नहीं हुई तो अधिवक्ता उग्र हो गए और एसडीएम पट्टी मुर्दाबाद, सीओ पट्टी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए तहसील गेट के सामने बीच सड़क पर दो पुतलों का दहन किया।

इस दौरान तहसील के जूनियर बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिनेश सिंह, सीनियर अधिवक्ता वंश बहादुर सिंह, अजीत सिंह, बिंदेश्वरी प्रसाद पाठक उर्फ बिंदु, अम्बरीष तिवारी, मनीष तिवारी, आशीष तिवारी, बार महामंत्री अनिल कुमार सिंह, विपिन सिंह, उमेश तिवारी, विकास तिवारी, नंदन चतुर्वेदी, अमरजीत शर्मा, मनोज मिश्रा, शैलेंद्र तिवारी, चंदन सिंह, शुभम शांडिल्य, शिव शंकर सिंह समेत तहसील के तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# धनराज कुंवर गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्र-छात्राओं को वितरित हुआ टेबलेट



टेबलेट पाकर खुश छात्र-छात्राएं।

**अखंड भारत संदेश**

**जेठवारा प्रतापगढ़।** धनराज कुंवर गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत टेबलेट का वितरण किया गया । टेबलेट प्राप्त करके छात्राओं के चेहरे खिल उठे । जिसमे सभी छात्राओं और कॉलेज के प्रबंधक विनोद प्रताप सिंह ,प्रधानाचार्य रावेंद्र प्रताप सिंह ,विद्यालय के संरक्षक एवं परीक्षा प्रभारी रणविजय सिंह ,सहायक अध्यापक अनिल कुमार तिवारी, अनिल कुमार पाण्डेय, आशुतोष श्रीवास्तव, उदय प्रकाश सिंह , विजय बहादुर, रमेश कुमार यादव , सुनील कुंदेल , ज्ञान मिश्रा, मती सुमन सिंह, अंजू पटेल आदि शिक्षको का विशेष सहयोग रहा। कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत के अध्यक्ष मुन्ना यादव का भी वितरण में सहयोग रहा।

# कौशाम्बी संदेश

## राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहे पर 2 बाइक सवार भिड़े,कई घायल

● अझुवा राष्ट्रीय राज मार्ग पर पुल ,फ्लाई ओवर न बनने से हो रहे हादसे,मौतें

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के राष्ट्रीय राजमार्ग भोला चौराहे पर आज बुधवार सुबह 2 बाइक सवार टकरा गए जिससे कई लोग घायल हो गए मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायलों का नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार कराया,एक महिला जिला अस्पताल के लिए रिफर की गई है। घटना क्रम के मुताबिक अर्जुन सिंह निवासी दमन्ना पर अमांव सलेमपुर जिला फतेहपुर का पुत्र परवेश उम्र 5 वर्ष उल्टी दस्त से पीड़ित है आज बुधवार सुबह अर्जुन की पत्नी संगीता देवी अपने बहनोई केशव और विजय पुत्र शिव दर्शन के



साथ अझुवा इलाज कराने आई थी जहां परवेश की गंभीर स्थिति देख डॉक्टर ने बच्चों के अस्पताल में भर्ती करने की सलाह देते हुए रिफर कर दिया। चारों लोग एक बाइक में बैठकर सिराथू जा रहे थे अझुवा भोला चौराहे पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुड़ते समय धुमाई गांव में अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे बाइक सवार राम स्वरूप और अंकित पुत्र सुरजदीन निवासी कौंहन अशोथर जिला फतेहपुर से टकरा कर बीच सड़क गिर कर सभी जख्मी हो गए सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में उपचार कराया है हादसे में संगीता ,विजय,राम स्वरूप ज्यादा जख्मी हुए हैं जिनमे संगीता देवी के सिर में गंभीर चोट आई है जिसे डॉक्टर ने जिला अस्पताल ले जाने को रिफर किया है।वहीं चौकी पुलिस दोनो बाइको को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई में जुट गई है।

## अधिकारियों से पहुंच की बात करके जमीनी विवाद निपटाने के लिए ले लिया 90000

धीरे-धीरे 2 वर्ष बीत गया लेकिन 90000 की रकम लेने वालों पर नहीं हुई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के सल्लहा गांव निवासी बाबूलाल पुत्र कंधई जमीनी विवाद के मामले को लेकर 15 जुलाई 2022 को करारी थाने में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचा उसकी सुनवाई नहीं हुई इसी बीच थाने में पहले से मौजूद इंद्रजीत यादव उर्फ मुन्ना सिंह पुत्र राम लखन निवासी महेश पुर वा चंद्रभान पुत्र दक्खनी निवासी मीरापुर थाना करारी पीड़ित बाबूलाल को मिले और बाबू लाल से इंद्रजीत यादव ने कहा कि यह मेरे साथ जो चंद्रभान पत्रकार है इसकी पहुंच अधिकारियों तक है और यह तुम्हारा मामला का निस्तारण करवा देगा 100000 दे दो जिस पर जमीन के विवाद से पीड़ित बाबूलाल ने 19 जुलाई 2022 से 10 अगस्त 2022 के तक 90000 की रकम दोनों को दे दी लेकिन उनकी जमीन का विवाद का निस्तारण नहीं हुआ जिस पर रुपया देने वाले बाबूलाल ने दोनों से अपने रकम की मांग की लेकिन उसे रकम नहीं मिल सकी रकम की मांग करने जब बाबूलाल उनके घरों पर गया तो गाली गलौज लात जूता से मारपीट की गई और कहा गया कि इसको गोली मार दो मामले का निस्तारण हो जाएगा मामले की शिकायत थाना पुलिस से करने के बाद कोई कार्यवाही नहीं हुई रकम न मिलने पर पीड़ित ने 16 सितंबर 2022 को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका जिस पर पीड़ित बाबूलाल ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया न्यायालय से न्याय की फरियाद की न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी करने वाले इंद्रजीत यादव और चंद्रभान के विरुद्ध करारी थाना में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो गया है। धोखाधड़ी फ्राड सहित विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों के बिरुद्ध अदालत के आदेश पर मुकदमा अपराध संख्या 181 सन 2024 थाना करारी में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के 21 दिन बाद भी पुलिस ने आरोपियों की गिरफ़्तारी नही की है रुपए देने के बाद धीरे-धीरे 2 साल से अधिक का समय बीत गया है रुपया देने वाला बाबूलाल रुपया पाने के लिए दौड़ लगा रहा है लेकिन 2 वर्ष बाद भी उसका रुपया नहीं मिला है मुकदमा दर्ज होने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही है।

## न्यूज झरोखा

### देखते ही देखते ताश के पत्तों की तरह बिखर गया मकान

**महेवाघाट कौशाम्बी।** सरसवां ब्लॉक क्षेत्र के चक गुरैनी गांव में बुधवार की दोपहर एक मकान देखते ही देखते ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। इस घटना का वीडियो सामने आया है। जिसमें देखा जा सकता है कि एक मकान अचानक से जर्जर कुएं में समा गया है। गनीमत रही की उस दौरान मकान में परिवार के लोग कोई नहीं था। जिससे हादसा टल गया। कोई जनहानि नहीं हुई है, मकान गिरने से किसान हीरालाल व उसके परिवार को परेशानी झेलनी पड़ रही है। पीड़ित हीरालाल ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।मकान गिरने की सूचना पर हल्का लेखपाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर रिपोर्ट तैयार की। उन्होंने पीड़ित को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।



### 23 जुलाई से गायब लड़की को पुलिस ने किया बरामद




**कौशांबी।** सिराथू तहसील के मोहब्बत पुर पइसा थाना क्षेत्र के बिबिनियापुर गांव में लव जिहाद के मामले में 23 जुलाई से गायब लड़की को पुलिस ने बरामद कर मंझनपुर महिला थाने को सुपुर्द कर दिया है यह जानकारी मिलते ही हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियो ने लड़की के पिता से मंझनपुर महिला थाने में जाकर मुलाकात की 23 जुलाई के बाद से ही लव जिहाद पीड़ित पिता के सहयोग में लगे सवर्ण आर्मी कौशाम्बी के जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने अजय पाण्डेय, सूरज मिश्रा तथा संगठन के तमाम कार्यकताओं के साथ लड़की के पिता से मंझनपुर महिला थाने में जाकर मुलाकात की तथा किसी भी साजिश से मजबूती के साथ निपटने के लिए पीड़ित पिता को आश्वासन दिया।

## बेटों के साथ मिलकर पत्नी ने पति को लात घूसों से बेरहमी से पीटा

**महगाव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के जीवनगंज गांव में रामचंद्र पुत्र गजराज के साथ उसके बेटे चमन सिंह और चैन सिंह व उसकी पत्नी मालती देवी कई बार बलपूर्वक मारपीट कर चुके हैं रामचंद्र की संपत्ति पर बेटों के साथ मिलकर पत्नी कब्जा करना चाहती है पत्नी की हरकतों से आजिज रामचंद्र उसे अपनी संपत्ति अभी नहीं देना चाहता है अपने जीवन में वह अपनी संपत्ति का मालिक बना रहना चाहता है पति के जीवित रहते ही उसकी पत्नी उसकी संपत्ति में पूरा अधिकार चाहती है जिससे विवाद का कारण बन गया है 25 जून को भी बेटों के साथ मिलकर पत्नी ने अपने पति रामचंद्र को लाठी डंडे से पीटा था जिससे रामचंद्र को गंभीर चोटें आई थी मामले की सूचना पुलिस चौकी थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक तक रामचंद्र ने दी थी लेकिन चौकी पुलिस के हमलावरो से साठगांठ के चलते पति पर हमला करने वाली महिला और उसके बेटों पर मुकदमा नहीं दर्ज हुआ गिरफ्तारी नहीं हुई जिससे उनके हौसले बुलंद रहे और दोबारा फिर 21 अगस्त को सुबह 7:00 बजे महिला मालती देवी ने अपने बेटों के साथ मिलकर अपने पति रामचंद्र को लात घूसों डंडे से पीट कर घर से धक्का मार कर बाहर भगा दिया है मामले की सूचना असहाय रामचंद्र ने फिर चौकी पुलिस मूरतगंज को दिया है चौकी पुलिस के सामने फरियाद लेकर पहुंचा रामचंद्र रोता रहा बिलखता रहा गिड़गिड़ाता रहा लेकिन खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है रामचंद्र का कहना है कि उसकी संपत्ति के लिए उसकी पत्नी और बेटे उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगा सकते हैं पारिवारिक विवाद का हवाला देकर चौकी पुलिस हमला करने वालों को संरक्षण दे रही है जबकि पारिवारिक हमले के मामले में भी पुलिस को ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है वरना यह छोटा विवाद बड़ी अनहोनी का कारण बन सकता है।

## रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल के छात्र का यूपी T20 के लिए हुआ चयन

● रिजवी कॉलेज के छात्रों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन तंत्र और जिले के लोगों ने उन्हें बधाई दी है

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** रिजवी कॉलेज के छात्रों ने एक बार फिर परचम लगाते हुए विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है रिजवी कॉलेज के छात्रों की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन तंत्र और जिले के लोगों ने उन्हें बधाई दी है उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली ळ 20 क्रिकेट लीग में कौशांबी के दीवर कोतारी निवासी विभव कुशवाहा का चयन काशी रुद्राक्ष टीम के लिए हुआ है। विवेक कुशवाहा लखनऊ में स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में काशी रुद्रास की तरफ से अपना जौहर दिखाएंगे।विभव कुशवाहा ने अपने पढाई करारी स्थित रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल से पूरी की और वही रहकर कोच शैलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में क्रिकेट की बारीकियां और महारत हासिल की। विभव कुशवाहा के पिता रमेश चंद्र कौशांबी जिला चिकित्सालय में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है उनका पूरा समर्थन विभव के साथ रहा और बेटे की इस सफलता से उनका मनोबल और बढ़ा। विभव कुशवाहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार का सहयोग और अपने गुरु और मार्गदर्शक शैलेंद्र सिंह को दिया। वो अपना आदर्श अपने कोच शैलेन्द्र सिंह को मानते है।वही रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल करारी और रिजवी क्रिकेट अकादमी में विभव के चयन पर हर्ष और खुशी के साथ साथ नए खिलाड़ियों में जोश भर गया है कोच शैलेंद्र सिंह ने विभव के चयन पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि इसी वर्ष मोहम्मद तालिब का चयन रिजवी क्रिकेट अकादमी से यू पी अंडर-19 के लिए हुआ था और कुछ महीनो बाद ही विभव का चयन यू पी ळ 20 के लिए हुआ, यह कौशांबी के खिलाड़ियों के लिए उत्साहवर्धक है। उन्होंने बताया की विभव एक अच्छा आल राउंडर के साथ साथ बहुत अच्छा क्षेत्र रक्षक है। रिजवी कॉलेज के प्रबंधक और कौशांबी क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राशिद रिजवी ने विभव कुशवाहा की सफलता पर विभव कुशवाहा और उनके प्रशिक्षक शैलेंद्र सिंह को बधाई दी, खेल और खिलाड़ियो के विकास में उन्होंने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।विभव के चयन पर न सिर्फ. कॉलेज और एकेडमी में ही बल्कि पूरे कौशांबी में हर्ष का माहौल है, उनके चयन पर कौशांबी ओलंपिक संघ अध्यक्ष डॉक्टर अरुण ने भी बधाई दी यह जानकारी रिजवी स्प्रिंगफील्ड के शारीरिक शिक्षक और क्रिकेट कोच शैलेन्द्र सिंह ने दी।




### करोड़ो की लागत से बना अंडरग्राउंड रेलवे का पुल चढ़ा भष्ठार्चार की भेट

पांच साल भी नही बीता पुल की दीवार में पड़ी दरार से बहता है पानी, पुल के अंदर पानी भर जाता है, थोड़ी सी बारिश पुल बन जाता है तालाब




**कौशाम्बी।** चरवा और महगांव के मुख्य मार्ग के बीच रेलवे क्रासिंग पर करोड़ो की लागत से बने अंडर ग्राउंड रेलवे का पुल पांच साल में ही ध्वस्त होने लगा है। यही नहीं पांच वर्ष भी नही बीता कि पुल की दीवार में बड़े बड़े दरार पड़ गए हैं। इतना ही नहीं पुल जब से बना है थोडी सी बारिश में पुल तालाब नही नदी में तब्दील हो जाता है इस सड़क के रास्ते हर रोज हजार लोगो का आना जाना रहता है। चरवा ही नहीं दूर दूर तक के करीब सैकड़ों गांव को जीटी रोड से शहर की ओर जाने का यह रास्ता है जिसमे इतना पानी भरा होता है की राहगीरों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कई बार लोग बाइक लेकर भरे पानी में गिर जाते है। लोगो के कीमती सामान पानी में डुबकर खराब हो जाता है। भरें पानी की वजह से कई बार कार बीच में बन्द पड़ जाती हैं, जिसमे सवार लोग गंदे पानी में भीग जाते है यही नहीं तीन पहिया वाहनों को भी खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । पुल निर्माण करने वाले ठेकेदार व रेलवे अभियंता और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों को इससे कोई फर्क नही पड़ता है।पुल की ब्यवस्था खराब होने से आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया धरना प्रदर्शन

**कौशाम्बी** भारतीय किसान यूनियन टिकैट गुट की बैठक 21 अगस्त को जिला पंचायत में जिला प्रवक्ता चंद्रभूषण सोनी जिला अध्यक्ष चंदू तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौपा किसान यूनियन के नेताओं ने कहा कि नहरो की सफाई समय से कराई जाए जिससे समय रहते पानी छोड़ा जा सके ओला के फसल बर्बाद फसल बीमा का लाभ किसानों को आज तक नहीं मिला मुहैया कराया जाए ग्रामीण गरीबी से काफी हद तक परेशान है उन्हें काम नही मिल रहा बेरोजगारी का नतीजा है कि गरीब परिवार के लोग दो जून रोटी के लिए परेशान है खेती मानसून पर निर्भर है जिससे मानसून के साथ न देने पर किसानों की फसल नष्ट हो जाती है और उनका कोई लागत मूल्य नहीं मिलता



ज्यादातर गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी रहती है इसकी वजह से लोग महगे इलाज का खर्च नहीं उठा पाते है और उनका ठीक से इलाज नहीं हो पाता। सरसावा ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा सेगरहा में ग्राम पंचायत अधिकारी तथा ग्राम प्रधान द्वारा किए गए अवैध घोटाला और भ्रष्टाचार की जांच के लिए जिला अधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को जांच के लिए प्रार्थना पत्र दिया लेकिन अभी तक कोई जांच टीम मौके पर नहीं गई जिससे ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है अधिकारी को ज्ञापन और समाचार पत्र के माध्यम से ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन उसके बाद भी पंचायत की जांच कर दोषी को दंडित नहीं किया गया है नेताओं ने चेतावनी दी है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूत होना पड़ेगा।

## चाकवन चौराहे पर खुला यूनियन बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र

**कोखराज कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग चाकवन चौराहा के समीर सुमन देवी स्कूल के बगल में संदीपन घाट रोड पर यूनियन बैंक के कामदगिरि कंप्यूटर ग्राहक सेवा केंद्र का शुभारंभ बुधवार को हो गया है भरवारी निवासी नरेंद्र केसरवानी ने यूनियन बैंक के निर्देश पर ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन शुरू कर दिया है उन्होंने बताया कि बैंकों में भीड़ अधिक लगने के चलते बैंक से लेनदेन में ग्राहकों को दिक्कत होती है ग्राहक सेवा केंद्र में बैंक ग्राहकों को लेनदेन में सुविधा होंगी ग्राहक सेवा केंद्र में अधिक भीड़ नहीं लगती और 5 मिनट के अंदर उनका लेनदेन पूर्ण कर दिया जाएगा उन्होंने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र में आधार कार्ड के जरिए भी लोगों की रकम की निकासी आसानी से की जाएगी ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से सभी बैंक के खाता धारकों को लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## प्रसव पीड़ितों से लाखों रुपया प्रतिदिन होती है वसूली सीएमओ सीएमएस बने ईमानदार

इस तरह के ईमानदार अफसरो का स्वास्थ्य विभाग में क्या काम जिनके रहते जनता का हो शोषण

**कौशाम्बी।** राज्य चिकित्सा महा विद्यालय संयुक्त जिला अस्पताल मंझनपुर सहित तहसील ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिलाओं के प्रसव के दौरान प्रसव पीड़िताओ और उनके परिजनों से खुले आम स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा वसूली की जा रही है प्रतिदिन प्रसव पीड़ितों से वसूली किए जाने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने वसूली करने वाले एएनएम नर्स की वसूली पर रोक नहीं लगाई है अभी तक एएनएम और नर्स पर मुकदमा दर्ज कराकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था बनाने का प्रयास नहीं किया है फिर भी जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ईमानदार होने का दुहाई दे रहे हैं आखिर इनकी इस तरह की ईमानदारी किस काम की है जिसमें प्रसव पीड़िताओं से खुलेआम वसूली होती है चचाओं पर जाए तो संयुक्त जिला चिकित्सालय में प्रसव पीड़िताओं से प्रसव के दौरान लाखों रुपए प्रतिदिन की वसूली होती है तहसील और बिकास खण्ड स्तर के सरकारी अस्पतालों में प्रसव के दौरान वसूली का आंकड़ा अलग है आखिर इस वसूली का हिस्सेदार कौन-कौन है किसके संरक्षण पर खुलेआम नर्स एएनएम की वसूली होती है अभी तक उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने भी जांच कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पर निलंबन की कार्रवाई कर इन अधिकारियों की गिरफ्तारी नहीं कराई है जिससे प्रदेश की चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### कोचिंग संचालक ले भागा दलित नाबालिक छात्रा

**भरवारी कौशांबी।** नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले कोचिंग संचालक शिक्षक ने अनैतिकता की हद पार कर दी है अपनी ही नाबालिक दलित छात्रा को शिक्षक लेकर भाग गया है घटना को तीन दिन बीत चुके हैं मामले की सूचना स्थानीय चौकी पुलिस भरवारी और कोखराज थाना पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस तीन दिनों से केवल जांच पड़ताल तक सीमित है बताया जाता है जी कोखराज थाना क्षेत्र के दरियापुर स्थित रवि की कोचिंग में छात्र पढ़ाई करने जाती थी कोचिंग की नाबालिक दलित छात्रा को ले जाने के मामले में अभी तक पुलिस ने आरोपी कोचिंग संचालक रवि कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके उसकी गिरफ्तारी नहीं किया हैं जबकि कोचिंग संचालक थाना क्षेत्र में मौजूद है और स्थानीय पुलिस लगातार आरोपी कोचिंग संचालक के संपर्क में है आखिर नाबालिग बालिका को ले जाने वाले कोचिंग संचालक के बिरुद्ध तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने मुकदमा क्यों नहीं दर्ज किया है छात्रा के परिजनों ने आशंका जाहिर की है उसकी पुत्री को झूठे प्रेम जाल में फंसा कर कोचिंग संचालक ने जबरिया उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया है।



### फरियादियों की समस्याओं को एसपी ने सुना

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा सुना गया तथा फरियादियों की समस्याओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## सरकारी जमीन पर बनाए गए मकान को तहसीलदार ने गिराया

मकान ध्वस्त होते ही कब्जा धारक ने ऊल जलूल बयान देना किया शुरू

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के छोकरियन का पुरवा गांव में भाजपा के बूथ अध्यक्ष ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर सत्ता की हनक में मकान बनाया था जांच के दौरान सरकारी जमीन पर मकान बनाए जाने की बात सामने आई जिस पर अधिकारियों के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने भाजपा नेता के सरकारी जमीन पर बने मकान को ध्वस्त कर दिया है बताया जाता है कि जिस मकान को नायब तहसीलदार ने ध्वस्त किया है वह भाजपा का बूथ अध्यक्ष का मकान है मकान ध्वस्त होने के बाद बूथ अध्यक्ष ने भाजपा के जिले के नेताओ के खिलाफ अनर्गल बयान देकर वीडियो जारी किया है जबकि सरकारी जमीन पर भाजपा बूथ अध्यक्ष ने सत्ता की हनक पर जबरिया मकान का निर्माण कराया था और सरकारी संपत्ति को खाली कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को कार्यवाही करना पड़ा योगी सरकार का निर्देश है कि सरकारी संपत्तिया खाली कराई जाए लेकिन वहीं भाजपा के लोग सरकारी संपत्तियों पर कब्जा करने में लगे हैं।

### दहेज हत्या के आरोपी दंपति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पूरब शरीरा घोसरा में 5 अगस्त को दहेज लोभियों ने विवाहिता के साथ अत्याचार किया था अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी विवाहिता के भाई करण सिंह निवासी बरुवा ने पति रोहित समेत पांच लोगों के विरुद्ध पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस बल द्वारा दहेज हत्या के 02 वांछित अभियुक्तों सास कांति देवी और ससुर संतोष लोध को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात आरोपी दंपति को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## सचिव की उदासीनता से सहकारी समिति की पूरी व्यवस्था चौपट

खेतों की फसलों में उर्वरक के लिए परेशान है किसान

अखंड भारत संदेश

**सैय्यद सरावा कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के जानकीपुर सुधवर की सहकारी समिति के सचिव की उदासीनता लापरवाही और मनमानी के चलते सहकारी समिति की पूरी व्यवस्था चौपट हो चुकी है इस समिति में किसानों को उर्वरक नहीं मिल रही है देख रेख के अभाव में सनीति का भवन जर्जर हो रहा है पूरी समिति की जिम्मेदारी एक मंदबुद्धि व्यक्ति को देकर के सचिव शहरों में मौज मस्ती कर रहे हैं जिससे किसानों के सामने समस्याएं खड़ी है लेकिन उसके बाद समितियां की मॉनिटरिंग करने वाले विकास भवन के अधिकारी भी समिति की चौपट व्यवस्था को सुधारने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। सचिब की लापरवाही का आलम यह है कि सोसाइटी की सरकारी जमीन पर कई लोगों का जानवर बांधा जाता है इसकी वजह से समिति की आगे वाली जमीन एकदम गड्ढे में तब्दील हो गई हल्की बारिश होने के बाद सोसायटी की जमीन तालाब का रूप ले रही है लेकिन उसके बाद सचिव की उदासीनता लगातार बनी हुई है किसानों को सुविधाएं देने के लिए स्थापित की गई सोसाइटी अपने उद्देश्य से भटक चुकी है इस सोसाइटी में ना



ही खाद और ना ही यहां पर सचिव की निगरानी है। इस समिति की हालत इतनी खराब है कि समिति की बिल्डिंग जर्जर रूप में तब्दील हो चुकी है जिसमें कभी भी अनहोनी की घटना से इनकार नहीं किया जा सकता इसमें समिति के अध्यक्ष एवं समिति के एडीओ कोऑपरेटिव द्वारा किसी भी प्रक्रिया में इसके सुधार के लिए कोई काम नहीं कर रहे हैं बल्कि कृषि के समय पर उर्वरक का वितरण नही होता है ना ही सचिव उपस्थित रहते हैं समिति से गायब रहने वाले सचिव पर कार्यवाही नहीं होती उनका वेतन नहीं काटा जाता है जिससे उनके प्रभाव का अंदाजा लगाया जा सकता है धान की फसल को दूसरी बार खाद की जरूरत पड़ रही है खाद न मिलने से सैकड़ो किसान परेशान है इसके बावजूद भी सोसाइटी में खाद नही है सचिव ने समिति की देखरेख के लिए एक मंदबुद्धि व्यक्ति को रखा है वह ना इसकी देखरेख कर रहा है और किसानों से ऊँट पटांग की बात करता है व्यवस्था में सुधार करने के बजाय समिति को नुकसान पहुंचा रहा है आखिर जब मंदबुद्धि व्यक्ति से ही सहकारी समिति की व्यवस्था की देखरेख करनी है तो सचिव की तैनाती को लेकर के उनका वेतन देने का क्या औचित्य है सचिव को बर्खास्त किया जाए।

## सम्पादकीय

### ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है

**यूरोपीय** देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है।

अगस्त का महीना हमारी आजादी के इतिहास को ही समेटे नहीं है, बल्कि इस महीने के साथ कई क्रांतियों का गौरवमयी इतिहास भी समाहित है। तारीख में उन घटनाओं को तवज्जो तो मिली है, लेकिन भावी इतिहास के संदर्भ में उनके असर को अहमियत नहीं दी गई है। बलिया, तामलुक और सतारा की क्रांतियों और वहां स्वाधीन भारत से पहले ही सुराजी या स्थानीय सरकार की स्थापनाओं ने भावी इतिहास पर कितना असर डाला, इस नजरिए से उन्हें नहीं देखा-समझा गया।

नौ अगस्त 1942 की सुबह मुंबई में कांग्रेस के पूरे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे वालंटियर और कार्यकताओं को या तो रास्तों के स्टेशनों पर ही उतार दिया गया या फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले की रात को कांग्रेस ह्यभारत छोड़ोह्व प्रस्ताव स्वीकार कर चुकी थी। संदर्भ के लिए बता दें कि ह्यभारत छोड़ोह्व का नारा कांग्रेस में सक्रिय समाजवादी धड़े के युवा नेता युसूफ मेहर अली ने दिया था। चूंकि आज की तरह उन दिनों संचार के माध्यम नहीं थे, लिहाजा गांधी, नेहरू, पटेल समेत तमाम कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी की खबरें देर से देश के सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचीं। जैसे-जैसे ये जानकारी पहुंची, इलाकों में अंग्रेज सरकार के खिलाफ बढ़ता चला गया।

यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। दिलचस्प यह है कि बयालिस की क्रांति के दौरान ही दूसरा विश्व युद्ध जारी था। यूरोप में हिटल को नाजी बताकर ब्रिटिश सेनाएं उसके विरोध में युद्धरत थीं। तब जर्मन शासक हिटलर यूरोप की नजर में असभ्य था। हिटलर को असभ्य और अमानवीय बताने वाली ब्रिटिश सरकार भारत में उन्हीं दिनों हिटलर जैसा ही कहर ढा रही थी। इतिहास में बयालिस की क्रांति और अंग्रेजों के दमन को इस नजरिए से भी कभी व्याख्यायित नहीं किया गया। बयालिस के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों का दमनचक्र हर उस इलाके में पूरी क्रूरता के साथ चला, जहां के लोगों ने सुराज के लिए आवाज बुलंद की। बलिया को कुछ ज्यादा ही दमनचक्र से गुजरना पड़ा। इसकी वजह यह रही कि बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया। 18 अगस्त को बैरिया, रसड़ा, सुखपुरा आदि जगहों पर हुई अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें नौजवानों और छात्रों के बलिदान से बलिया का खून खौल उठा।

# इंडिया ब्लॉक पार्टियों को एक स्थिर सरकार देने के लिए हाथ मिलाना चाहिए

**- कल्याणी शंकर**

**आगामी** विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और एनसी एक साथ जा सकते हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी के साथ गठबंधन करना मुश्किल होगा क्योंकि संसदीय चुनाव में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए थे। अगर क्षेत्रीय दलों को सुधार करना है तो उन्हें एकजुट होना होगा और इंडिया ब्लॉक को सहयोग करना होगा।

जम्मू और कश्मीर में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में विधानसभा चुनाव होंगे, जिसमें 90 विधायकों का चुनाव होगा। अगस्त 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 के निरस्त होने और राज्य के विभाजन के बाद यह पहला चुनाव होगा।

नये चुनाव कराने में देरी कई सालों से विवाद का विषय रही है। हालांकि, समय-सीमा तय करने में हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय का निर्देश महत्वपूर्ण था। अब जब चुनावों की घोषणा हो गई है, तो सभी राजनीतिक दलों ने इसका स्वागत किया है।

कश्मीर लंबे समय से भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष का एक महत्वपूर्ण स्रोत रहा है। दोनों देश कश्मीर पर दावा करते हैं, हालांकि वे इसके केवल एक हिस्से पर शासन करते हैं। पाकिस्तान ने इस मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण भी कर दिया है, जिसे संयुक्त राष्ट्र में भी लाया गया है। 2019 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राज्य को विभाजित करने के फैसले के बाद मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आईं। इस फैसले के कारण कश्मीर ने अपना झंडा, आपराधिक संहिता और संवैधानिक सुरक्षा खो दी। कश्मीरियों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर कम हो गये और अब वे गैर-निवासियों के लिए खुले हैं। चुनौतियों के बावजूद, राज्य ने सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह के बदलाव देखे हैं। प्रधानमंत्री की पहल ने विकास को बढ़ावा दिया है और जम्मू-कश्मीर में निवेश करने में खाड़ी देशों की बढ़ती दिलचस्पी एक आशाजनक भविष्य का संकेत देती है, जिससे निवासियों में उम्मीद जगी है।

गृह मंत्रालय ने बताया कि 2019 में सुरक्षा बलों की हताहतों की संख्या 80 से घटकर 2023 में 33 हो गई है और 2019 में 44 से घटकर 2023 में 12 नागरिकों मौतें हुई हैं।

पिछले राज्य चुनाव 2014 में हुए थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में उच्च मतदान ने विधानसभा चुनावों को कराने के उत्साह को जन्म दिया है। कश्मीर में हाल ही में हुए संसदीय चुनावों में ऐतिहासिक 58.46प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2019 के आम चुनाव से 30 अंकों की वृद्धि है।

सरकार ने 2019 में भारत के संविधान की धारा 370 को हटाने और विभाजन के बाद 2022 में परिसीमन अभ्यास पूरा किया।

2022 के परिसीमन के बाद जम्मू और कश्मीर में विधानसभा सीटें 87 से बढ़कर 114 हो गईं, जिसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की 24 सीटें शामिल हैं। सीटों में यह वृद्धि संभावित रूप से सत्ता के संतुलन को बदल सकती है और आगामी चुनावों में राजनीतिक दलों की रणनीतियों को प्रभावित कर सकती है।

भाजपा ने दावा किया कि धारा 370 को खत्म करने और कश्मीर में उसके बाद लागू की गई नीतियों ने क्षेत्र को बेहतर तरीके से विकसित किया है।



जम्मू और कश्मीर में हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव भारतीय लोकतंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण जीत थे। 2024 के लोकसभा चुनावों में, एनसी और पीडीपी ने फिर से उभार देखा। चुनाव ने उन्हें अपनी सदस्यता को पुनर्जीवित करने और लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों को सामने लाने का मौका दिया। हालांकि कांग्रेस को कोई सीट नहीं मिली, लेकिन नेशनल कॉन्फ्रेंस ने तीन में से दो सीटें जीतीं, तथा तीसरी सीट के लिए कड़ी चुनौती पेश हुई।

इस क्षेत्र में आतंकवाद के इतिहास और चुनावों में धांधली के आरोपों के बावजूद, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनावों की व्यापक रूप से सराहना की गई। आगामी चुनाव धारा 370 के तहत क्षेत्र के विशेष दर्जे को रद्द करने के बाद जम्मू और कश्मीर को भारतीय संघ में पूरी तरह से एकीकृत करने के केंद्र सरकार के प्रयासों का परीक्षण करेगा। यह चुनाव आयोग के लिए भी बिना किसी हिंसक घटना के चुनाव कराने की परीक्षा है।

राजनीतिक दलों ने आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू कर दी है, जिसमें प्रचार रणनीति, गठबंधन और उम्मीदवार चयन शामिल हैं। कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने चुनावों की योजना बनाने के लिए बैठकें की।

यदि विधानसभा चुनाव निर्धारित समय पर होते हैं, तो घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। इसके अलावा, लोकसभा चुनावों के दौरान जिस ध्रुवीकरण और अलगाववादी कथानक ने जोर पकड़ा था, वह विधानसभा चुनावों के दौरान और तेज हो जायेगा।

2014 के जम्मू-कश्मीर चुनाव में किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला था। 49 दिनों तक राष्ट्रपति शासन लागू रहा, जब तक कि पीडीपी की महबूबा मुफ्ती को भाजपा के समर्थन से मुख्यमंत्री नहीं बना दिया गया। बाद में भाजपा ने सत्तारूढ़ गठबंधन से अपना समर्थन वापस ले लिया, जिसके कारण फिर से राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में विधानसभा भंग कर दी गई और दिसंबर 2018 में राष्ट्रपति शासन फिर लागू कर दिया गया। तब से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है।

सरकार को यह तय करना होगा कि नरम अलगाववाद से निपटने के लिए कश्मीर घाटी में हस्तक्षेप करना है या चुनाव से पहले पुनर्गठन योजना पर विचार करना है।

संसदीय चुनावों के दौरान, कांग्रेस और एनसी ने गठबंधन किया था। एनसी ने कश्मीर में तीन सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने जम्मू और उधमपुर में चुनाव लड़ा। इंडिया गठबंधन का हिस्सा पीडीपी को समायोजित नहीं किया गया और उसने नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ कश्मीर में तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे।

आगामी विधानसभा चुनावों के लिए परिदृश्य स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस और एनसी एक साथ जा सकते हैं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पीडीपी के साथ गठबंधन करना मुश्किल होगा क्योंकि संसदीय चुनाव में दोनों एक दूसरे के खिलाफ खड़े हुए थे।

अगर क्षेत्रीय दलों को सुधार करना है तो उन्हें एकजुट होना होगा और इंडिया ब्लॉक को सहयोग करना होगा। कश्मीर चुनाव महत्वपूर्ण हैं और पूरा देश एक दशक के बाद एक लोकप्रिय सरकार का उदय देखेगा।

# सशक्त विपक्ष का स्वाद चख रही है मोदी

**- डॉ. दीपक पाचपोर**

**वक्फ बोर्ड** संशोधन अधिनियम को वापस लेना भी एक तरह से सरकार की हार माना जा रहा है। संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिनों में सरकार इसे ले तो आई लेकिन संसद को दोनों सदनों में उसका तीव्र विरोध हुआ। विपक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा इसके जरिये अपने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा ही बढ़ा रही है। दोनों सदनों में हुए प्रखर विरोध के चलते सरकार को इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपना पड़ा।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग से लेटरल एंट्री के विज्ञापन को रद्द करने का आदेश देना बतलाता है कि उन्हें मजबूत विपक्ष का कसैला स्वाद चखने को मिल रहा है**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संघ लोक सेवा आयोग से लेटरल एंट्री के विज्ञापन को रद्द करने का आदेश देना बतलाता है कि उन्हें मजबूत विपक्ष का कसैला स्वाद चखने को मिल रहा है। इस निर्णय का अर्थ है कि मोदी पर कई तरफ से लगाम लगने लगी है। एक ओर तो विरोधी दल और दूसरी ओर स्वयं सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने इस फैसले का विरोध किया है जिससे साफ है कि मोदी अब वैसी मनमानी नहीं कर सकेंगे जिस प्रकार से वे 2014 से लेकर 2024 तक के अपने दो कार्यकालों में करते आए हैं। यह लोकतंत्र के लिये एक अच्छा संकेत है। सरकार को विरोधी दलों के साथ सहयोगी घटकों से राय-मशविरा करने की आदत डालनी होगी। वैसे लोकतांत्रिक सरकारें चलाने का यही तरीका है जिसे दो ताकतवर सरकारों के रूप में मोदी भूल गये थे।

पिछली दो लोकसभा के लिये हुए चुनावों में भाजपा को जिस प्रकार से जनसमर्थन मिला था, उसने मोदी एवं उनके सिपहसालार अमित शाह को इतना निरकुंश बना दिया था कि ज्यादातर फैसले वे बगैर किसी की राय लिये करने लगे थे। नोटबन्दी हो या जीएसटी, तीन तलाक की समाप्ति हो या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का विलोपन, काले कृषि कानून हों या हिट एंड रन कानून- मोदी सरकार ने इन सभी कानूनों को बनाने या लागू करने में न तो अपने साथियों की राय ली और न ही विशेषज्ञों के विचार जाने; और न ही जनता की पसंद समझनी चाही। ये सभी कानून अचानक और बिना पूर्व जानकारी के लाये और लागू किये जाते रहे। अलबत्ता कृषि और हिट एंड रन सम्बन्धी कानूनों को सरकार को जनविरोध के चलते वापस लेना पड़ा। इसके बावजूद सच्चाई यह है कि पिछली दो मोदी सरकारों को जो मन में आता गया वह सब कुछ वह करती गई। कभी सीधा-सादा शासकीय आदेश जारी कर या कभी अध्यादेश निकालकर अथवा कानून बनाकर। यदि संसद में कानून बनाने में दिक्कत हो तो किसी न किसी बहाने से लोकसभा में हंगामा करवा दिया जाता था और कठपुतली बने लोकसभा व राज्यसभा के क्रमशः अध्यक्ष व सभापति कुछ या थोक में विरोधी नेताओं को निलम्बित कर कानून पास कराते रहे। नयी न्याय संहिता इसी तरह से पारित कराई गई थी।

370 और 400 पार के नारे लगाती आई भाजपा को उम्मीद थी कि बड़ा बहुमत मिल गया तो उसे तथा एनडीए को मनमाने कानून बनाने की छूट मिल जायेगी। प्रमुख लक्ष्य था संविधान को बदलना। उसके कई नेता और कई प्रत्याशी बाकायदे कहते रहे कि मोदी को 400 सीटें इसलिये चाहिये क्योंकि संविधान को बदलना है। इनमें अनंत हेगड़े, मेरठ से सांसद बने अरूण गोविल, अयोध्या से लड़े लल्लू सिंह, राजस्थान की ज्योति मिर्धा आदि शामिल थे। हालांकि चुनाव का अंतिम दौर आते-आते सर्वेक्षणों में सामने आने लगा था कि ऐसा नहीं होने जा रहा है, तो मोदी-शाह समेत सारे भाजपायी नेता और प्रचारक कहने लगे कि ऐसा नहीं है और यह विपक्ष का भाजपा को बदनाम करने का तरीका है। वैसे जनता इस बात को जानती है कि भाजपा एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरक्षण के खिलाफ हैं और संविधान बदलने का पहला कदम इसकी समाप्ति से ही होता।

चूंकि भाजपा को 240 ही सीटें मिलीं और वह तेलुगु देसम पार्टी तथा जनता दल यूनाइटेड के बल पर खड़ी है, तो वह ऊंची आवाज में संविधान के पक्ष में नारे लगा रही है और मोदी यह कहकर खुद को आरक्षण का बड़ा संरक्षक साबित करने की कोशिश करते रहते हैं कि 'जब तक वे जीवित हैं, दलितों, ओबीसी एवं आदिवासियों का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता।' आरक्षण की हिफाजत और लोकतंत्र की दुहाई देने के साथ अब मोदी जी धर्मनिरपेक्षता पर काफी जोर देने लगे हैं। स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से उन्होंने जो भाषण दिया उसमें उन्होंने साफ किया कि 'देश का सिविल कोड कम्यूनल यानी साम्प्रदायिक है और वे ऐसा सिविल कोड लाएंगे जो सेक्यूलर होगा।' अब देखना होगा कि वे किस प्रकार का बदलाव नागरिक संहिता में लाएंगे, पर यह साफ है कि जिस सेक्यूलर शब्द से भाजपा-संघ के साथ-साथ उनके असंख्य समर्थकों को इतनी चिढ़ थी, अब उसी के प्रति उन्हें अपना अनुराग एवं आस्था दिखलानी पड़ रही है। सरकार के इस तरह से बदले-बदले से नजर आने का राज भी उसकी कमजोरी और विपक्ष की मजबूती का प्रतिबिम्ब है। हाल में सरकार को अपने कई कदम पीछे लेने पड़े हैं।

जिस प्रसारण बिल के जरिये सरकार स्वतंत्र पत्रकारों, यूट्यूबरों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर कड़े नियंत्रण रखने वाला कानून लाने की तैयारी में थी, वह उसे वापस लेना पड़ा। दरअसल, यह मीडिया का वह फॉर्मेट है जिससे सरकार घबराई हुई है क्योंकि इसका असर बढ़ता जा रहा है। सरकार को यह लगा कि यदि इसे नाराज किया तो उसे दिक्कतें हो सकती हैं। वैसे भी सरकार समर्थक मीडिया का प्रभाव लगातार घट रहा है। वैसे तो सरकार ने इस पर पिछले साल लोगों से सुझाव मांगे थे पर इसके पहले कि इस पर कानून का प्रारूप लाये, उसे कुछ चुनिंदा लोगों को लीक कर दिया गया। इसमें अनेक ऐसे प्रावधान हैं जिनके जरिये सरकार डिजिटल प्लेटफार्मों पर दिखाये जाने वाले या प्रसारित होने वाले कंटेंट को पब्लिक डोमेन में रखने के पहले पब्लिशिंग कम्प्लायंस सर्टिफिकेट देगी। यह सेंसरशिप ही है। 90 से ज्यादा डिजिटल न्यूज पब्लिशर्स ने इस पर आपत्ति जताई जिसके चलते सरकार ने चुनिंदा प्रतिनिधियों के साथ बैठक तो की, लेकिन उनकी नाराजगी को भांप लिया था। विपक्षी नेताओं ने भी इसकी आलोचना की थी। उनका भी मानना है कि बिल में कंटेंट को रेगुलेट, कंट्रोल, मॉनिटरिंग और सेंसर करने के प्रावधान है जिससे अभिव्यक्ति की आजादी को खतरा है। हालांकि सरकार का कहना था कि इससे हेट स्पीच, फेक न्यूज और अफवाहें फैलनी रूकेंगी। बहरहाल जनदबाव में यह बिल वापस लेना पड़ा। सरकार इसे सुधारकर पेश करने की बात कहती है, पर अब यह इतना आसान नहीं होगा।

वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम को वापस लेना भी एक तरह से सरकार की हार माना जा रहा है। संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिनों में सरकार इसे ले तो आई लेकिन संसद को दोनों सदनों में उसका तीव्र विरोध हुआ। विपक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा इसके जरिये अपने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा ही बढ़ा रही है। दोनों सदनों में हुए प्रखर विरोध के चलते सरकार को इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को सौंपना पड़ा। पिछली लोकसभा को याद करें तो इलेक्टोरल बॉड्स पर विपक्ष ने जेपीसी की मांग की थी परन्तु बहुमत के बल पर उस मांग को दबा दिया गया था। तीसरी बार सरकार को ऐसे मुंह की खानी पड़ी है कि संघ लोक सेवा आयोग से लेटरल एंट्री के विज्ञापन को रद्द करने का आदेश खुद मोदी को देना पड़ा है। सरकार केन्द्रीय सचिवालय में कुछ पदों पर सीधी भर्ती करने जा रही थी जिसके लिये विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें आरक्षण नहीं था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि यह संघ के लोगों को सीधे ऊंचे पदों पर भरने की चाल है। अखिलेश यादव के साथ भाजपा की छिपी हुई मित्र कहलाने वाली बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी इसका विरोध किया। केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने तक इसे गलत बताया। यानी मोदी को चुनौती अब बाहरी ही नहीं, भीतर से भी मिलने लगी है।

# विनिर्माण क्षेत्र में बदलती भारत की तस्वीर

**प्रह्लाद सबनानी**

**रक्षा** क्षेत्र की तरह ही, हाल ही के समय में भारत ने उत्पादन के कई नए क्षेत्रों में प्रवेश किया है। कुछ वर्ष पूर्व तक दवा निर्माण के क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले अढक (ऐक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडीयंट) नामक कच्चे माल का लगभग पूरे तौर पर चीन से आयात किया जाता था।

भारत में आज भी देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण इलाकों में निवास कर रही है और वह अपने रोजगार के लिए सामान्यतः कृषि क्षेत्र पर निर्भर है तथा देश की कुल अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान केवल 16-18 प्रतिशत के आसपास बना रहता है। अब यदि देश की 60 प्रतिशत आबादी देश के सकल घरेलू उत्पाद में केवल 16-18 प्रतिशत तक का योगदान दे पा रही है तो स्वाभाविक रूप से इस क्षेत्र में गरीबी तो बनी ही रहेगी। परंतु, यह स्थिति अब धीरे धीरे बदल रही है क्योंकि हाल ही के वर्षों में भारत के विनिर्माण क्षेत्र का योगदान देश के सकल घरेलू उत्पाद में बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते ग्रामीण इलाकों के नागरिक शहरी क्षेत्रों में स्थापित की जा रही विनिर्माण इकाइयों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। विनिर्माण क्षेत्र में कई ऐसे नए क्षेत्र भी उभरकर सामने आए हैं जिन क्षेत्रों में भारत में उत्पादन बहुत कम मात्रा में होता रहा है। उदाहरण के लिए रक्षा क्षेत्र, दवा क्षेत्र, सेमी-कंडक्टर निर्माण क्षेत्र एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्षेत्र आदि का वर्णन यहां प्रमुख रूप से किया जा सकता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में स्वदेशी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन की मात्रा 1.27 लाख करोड़ रुपए की रही है जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय 16.7 प्रतिशत अधिक है। यह भारत सरकार द्वारा देश में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकारी नीतियों और सरकार के प्रयासों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। वर्तमान में रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन करने वाली इकाईयों में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान उक्त वर्णित उत्पादन में सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 79.2 प्रतिशत का रहा है जबकि निजी क्षेत्र की कम्पनियों का योगदान 20.8 प्रतिशत का रहा है। हर्ष का विषय तो यह भी है कि रक्षा के क्षेत्र में भारत में निर्मित किए जा रहे उत्पादों की अन्य देशों में भारी मांग निर्मित होती जा रही है और इन उत्पादों का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपए के मूल्य का निर्यात भारत से विभिन्न देशों में किया गया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत अधिक है और यह भारत में रक्षा के क्षेत्र में हुए कुल उत्पादन का लगभग 20 प्रतिशत है। निर्यात में यह वृद्धि न केवल वैश्विक रक्षा बाजार में भारत के बढ़ते पदचिन्हों को दशार्ती है, बल्कि आत्मनिर्भरता और नवाचार के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। भारत में विनिर्माण इकाईयों की स्थापना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हाल ही के समय में कई रणनीतिक पहल भी केंद्र सरकार द्वारा की गई है, जैसे, मजबूत नीतिगत ढांचे को विकसित करना, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना, अनुसंधान एवं विकास कार्यों में पर्याप्त निवेश को बढ़ावा देना, आदि शामिल हैं। स्वदेशीकरण की नीति के अनुपालन का असर भी रक्षा के क्षेत्र में उत्पादन एवं निर्यात में हो रही भारी भरकम वृद्धि के रूप में दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में उपयोग होने वाले सैकड़ों उत्पादों के आयात पर रोक लगाकर इन उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने के निर्णय का असर भी अब धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। रक्षा के क्षेत्र में विभिन्न उत्पादों का उत्पादन भारत में ही करने की नीति को लागू करने से देश में न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा बल्कि देश में आर्थिक प्रगति, तकनीकी उन्नति एवं रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा क्षेत्र की तरह ही, हाल ही के समय में भारत ने उत्पादन के कई नए क्षेत्रों में प्रवेश किया है। कुछ वर्ष पूर्व तक दवा निर्माण के क्षेत्र में उपयोग किए जाने वाले अढक (ऐक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडीयंट) नामक कच्चे माल का लगभग पूरे तौर पर चीन से आयात किया जाता था। परंतु, कोरोना महामारी के दौरान भारत को यह अहसास हुआ कि यदि चीन इस कच्चे माल का निर्यात भारत को करना कम कर दे अथवा बंद कर दे तो भारत में तो दवा उद्योग की इकाइयों में निर्माण कार्य ही ठप्प पड़ जाएगा। इसके बाद केंद्र सरकार ने अढक के उत्पादन को भारत में ही करने का फैसला लिया, आज स्थितियां पूर्णतः बदल गई है एवं अढक का निर्माण भारत में ही किया जाने लगा है। सम्भव है कि आगे आने वाले कुछ समय में अढक के निर्माण के क्षेत्र में भी भारत आत्मनिर्भरता हासिल कर लेगा। भारत आज अढक के उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया है एवं भारत की वैश्विक अढक उद्योग में 8 प्रतिशत की हिस्सेदारी बन गई है। आज भारत में 500 से अधिक प्रकार के विभिन्न अढक का उत्पादन किया जा रहा है। भारत में अढक का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय दवा उद्योग में तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है और आज यह देश के सकल घरेलू उत्पाद में 1.72 प्रतिशत का योगदान देने लगा है एवं दवा उद्योग आज देश में रोजगार के करोड़ों अवसर निर्मित कर रहा है। भारतीय दवा उद्योग के वर्ष 2024 के अंत तक 6,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2030 तक 13,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। वर्ष 2013-14 के बाद से वर्ष 2021-22 तक भारतीय दवा निर्यात में 103 प्रतिशत की वृद्धि अंकित की गई है। जेनेरिक दवाओं के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत हो गई है, जिससे भारत को अब ह्यविश्व का फामेर्सी हबह्व भी कहा जाने लगा है। केंद्र सरकार अढकके उत्पादन को भारत में बढ़ाने के उद्देश्य से एक समग्र एवं अनुकूल पारिस्थितिकीय तंत्र का निर्माण करने पर जोर दे रही है। वर्ष 2020 में केंद्र सरकार ने अढक के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के लिए 6,940 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की थी। 35 सक्रिय दवा सामग्री का विनिर्माण, जो अढकका लगभग 67 प्रतिशत है।

## संयुक्त टीम ने परीक्षा केन्द्रों की जांची सुरक्षा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की देखरेख में निरीक्षक एलआईयू सूर्यकांत अरुण राय की अगुवाई में डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने 23 अगस्त से शुरू होने वाली सिपाही नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने को सुरक्षा के मद्देनजर छह परीक्षा केंद्रों की जांच की। जांच दौरान परीक्षा केन्द्र सीआईसी, जीजीआईसी, गंगा प्रसाद इंटर कालेज, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेड़ीपुलिया, जगद्गुरु दिव्यांग राज्य महाविद्यालय सीतापुर, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कालेज सीतापुर का स्थलीय भ्रमण कर जांच की।

# एक सप्ताह में पौधों को करें जिओ टैगः डीएम

### प्लास्टिक के खिलाफ चलायें अभियान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला वृक्षारोपण व जिला पर्यावरण समिति तथा जिला गंगा समिति की बैठक में नदी में गिरने वाले बन्द व खुले नालों की स्थिति, नदी में ठोस व प्लास्टिक अपशिष्ट गिरने से रोकना, मिशन लाइफ के तहत प्लास्टिक मुक्त अभियान, पार्कों की साफ-सफाई, कूड़ा-कचरा निस्तारण बाबत जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये।

बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, जिले में निजी स्वास्थ्य केंद्र से उत्पन्न जैविक चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन की मानिटरिंग, पौधरोपण, जियो टैगिंग आदि की समीक्षा की। उन्होंने एक्सईएन जल निगम से कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पंप हाउस, डब्ल्यूटीपी, ओवरहेड टैंक जहां बने हैं, वहां अधिक से अधिक वृक्षारोपण डीएफओ से संपर्क कर लगवायें। सीबीओ से कहा कि चारागाह की शासकीय भूमि चिन्हित कर पौधरोपण करायें। ईओ को निर्देश दिये कि शहर में प्लास्टिक मुक्त बाबत अभियान चलायें। लोगों को जागरूक कर अगली बैठक में विवरण दें। भंडारा दौरान प्लास्टिक दोना-पत्तल का उपयोग कितने लोगों ने किया, कितने को जुर्माना किया। डीएफओ, ईओ व बीडीओ, रेंजर्स से कहा कि देवस्थानों पर भंडारा में प्लास्टिक दोना-पत्तल पर प्रतिबंध लगायें। लोगों को जागरूक करें, न मानने पर जुर्माना लगायें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि पौधरोपण में जियो टैग एक सप्ताह के अंदर करा दें। पौधों की सुरक्षा आवश्यक है, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहे। डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि पौधरोपण की जियो टैगिंग को सभी विभागों को यूजर नेम पासवर्ड दिये हैं, जो पौधे लगाये हैं, उसमें कोई पौधा सूखा है तो फिर से रोपें। वन विभाग की नर्सरी पर पौधे हैं। एक पेड़ मां के नाम जो पौधे लगाये हैं, उन्हें भी भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड करें। ये वृक्षारोपण 30 सितंबर तक चलेगा। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सीबीओ डॉ सुभाष चन्द्र, डीडीए कृषि राजकुमार, डीपीआरओ इंद्र नारायण सिंह, बीएसए बीके शर्मा, डीएचओ श्रीमती प्रतिभा पांडेय आदि मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

# ज्वार-बाजरा के खुले क्रय केन्द्र

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने बताया कि खरीफ विपणन 2024-25 के तहत सरकारी बाजरा व ज्वार खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से बाजरा व ज्वार की खरीद एक अक्टूबर से शुरू होगी। जिले में किसानों से सीधे बाजरा/ज्वार खरीद करने को ज्वार के छह क्रय केन्द्र कर्वी मंडी स्थल, पहाडी मंडी, बरगढ मंडी, मऊ, बसिला मंडी व राजापुर तथा बाजरा क्रय को पांच बाजरा क्रय केन्द्र कर्वी मंडी, बरगढ मंडी, मऊ, बसिला मंडी व राजापुर मंजूर किये हैं। 2024-25 में जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सीधे किसानों से मोटे अनाज बाजरा-ज्वार की खरीद को किसानों को श्री अन्न का पंजीकरण शुरू है। बाजरा-ज्वार की बिक्री को किसानों को खाद्य व रसद विभाग की वेबसाइट व विभाग के मोबाइल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसानों से सरकारी खरीद केंद्रों पर बाजरा-ज्वार खरीदा जायेगा। इच्छुक किसान खरीद शुरू होने से पहले पंजीकरण कराये। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठायें। बाजरा-ज्वार की बिक्री को पंजीकरण व्यवस्था है। बाजरा का समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति कुन्तल, ज्वार का हाइब्रिड मूल्य 3371 रुपये प्रति कुन्तल है। ज्वार मालदंडी का मूल्य 3471 रुपये प्रति कुन्तल है। केन्द्रो पर सवेरे नौ बजे से शाम पांच बजे तक किसानों से सीधे खरीद की जाएगी।

# किसान दिवस में किसानों ने समस्या निस्तारण में जताई संतुष्टि

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने किसान दिवस की बैठक में किसानों से कहा कि जो समस्यायें हैं, विभिन्न विभागों की किसान दिवस पर उनका निस्तारण संबंधित विभागों से करायेंगे। उपनिदेशक कृषि ने पिछली बैठक में किसानों से मिली समस्याओं के निस्तारण पर आख्या बाबत जानकारी दी।

बुधवार को जिलाधिकारी ने किसानों से समस्या निस्तारण की जानकारी की। किसानों ने निस्तारण में संतुष्टि जताई। सीडीओ अमृतपाल कौर ने किसानों से कहा कि बैठक में निराश्रित गौवंश समस्या निदान के प्रयास जारी हैं। प्रतिदिन समीक्षा कर निराश्रित गौवंश गौशाला में भेजे जा रहे हैं। कोई समस्या है तो संबंधित बीडीओ को अवगत करायें। बैठक में डीडीए कृषि राजकुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान, डीएचओ श्रीमती प्रतिभा पांडेय, एक्सईएन लघु सिंचाई प्रमोद कुमार मिश्र, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद, एक्सईएन विद्युत राजापुर व एआर कोऑपरेटिव व किसान भाई आदि मौजूद रहे।

### दस लीटर महुआ शराब समेत एक गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की अगुवाई में चैकी प्रभारी खंडेहा विनय विक्रम सिंह ने सिपाही प्रवीण पाण्डेय के साथ अनिल निषाद पुत्र रामप्रसाद मंडौर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उस पर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# सुप्रीम कोर्ट फैसले के विरोध में निकला भारी जुलूस

## अगला चरण 11 सितम्बर से होगा, बाजार बन्द कराने का प्रयास रहा विफल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी के अनुषांगिक संगठन, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी काशीराम आदि ने सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण को लेकर भारत बन्द के आवाहन पर जिला मुख्यालय में भारी जुलूस निकाला।

जुलूस में आरक्षण को लेकर जमकर नारेबाजी होती रही। जुलूस में शामिल लोगों ने बाजार की दुकानें बन्द कराने का प्रयास किया। भारत बन्द में ज्यादातर दुकानें खुली रही। बुधवार को भारत बंद आवाहन पर पुरानी कोतवाली परिसर से विभिन्न राजनैतिक दलों ने जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए आरक्षण के समर्थन में शहर के मुख्य बाजार से गुजरे। आरक्षण समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर बाजार बन्द कराने का प्रयास किया। इसे लेकर लोगों से छिटपुट झडपें हुईं। जुलूस में सुरक्षा को भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। जुलूस बाद राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन सपा, भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी ने एसडीएम सदर को सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि जातिगत गणना कराई जाये। अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछडा वर्ग के आरक्षण कोटे को सभी विभाग पूरा करें। गैर सरकारी संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाये। अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछडे वर्गों के आरक्षण कोटे को सभी विभागों के पूरा न होने तक आरक्षण प्राविधान को संविधान की नौंवी सूची में डाला जाये, ताकि आरक्षण से छेडछाड न हो सके। इस बाबत आन्दोलन के पहले चरण 21 अगस्त को जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन व दूसरे चरण 11 सितम्बर को दिल्ली में विशाल धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। आगे भी आन्दोलन जारी रहेगा। इस मौके पर भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय गौतम, श्रीपाल प्रजापति, कुंवर सिद्धार्थ, जयप्रकाश, रविराज, कुलदीप वर्मा, सपा नेता नरेन्द्र यादव, मान सिंह पटेल, निजामुद्दीन सिद्दीकी समेत तमाम सपाई मौजूद रहे।



जुलूस निकालते व ज्ञापन देते राजनैतिक दल के लोग।



रेलवे स्टेशन का भ्रमण करते एसपी।

# पैनी नजर से करें ड्यूटीः एसपी

### ड्यूटी का कराया रिहर्सल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विभिन्न राजनैतिक दलों के भारत बंद आवाहन पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कर्वी शहर व रेलवे स्टेशन का भ्रमण किया। शांति व्यवस्था ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को देखकर पैनी नजर से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। कहा कि आम आदमी के आवागमन में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। ड्यूटी का निर्वहन सतर्कता से करें।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में 23 से 31 अगस्त तक होने वाली उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा ड्यूटी का रिहर्सल कराया। उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारियों को समय से परीक्षा केन्द्र/ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचने के निर्देश दिये। सभी परीक्षा केन्द्रों में भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया। ड्यूटी में लगे अधिकारी/कर्मचारी कैसे ड्यूटी करेंगे, ये जानकारी दी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्ट्रांग रूम से ड्यूटियां रवाना की गयी। परीक्षा केन्द्र सीआईसी का भ्रमण कर रिहर्सल ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी/कर्मचारियों की जांच की। इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ यादव, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा, एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा, सीओ मऊ जयकरन सिंह आदि मौजूद रहे।

# तालाबों-गांवसभा से हटवायें तत्काल अवैध कब्जे

### डीएम ने तहसील कर्वी का निरीक्षण कर दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने तहसील कर्वी का निरीक्षण कर तहसील परिसर की साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, राजस्व अभिलेखागार, नजारत, संग्रह अभिलेखागार, भूलेख कार्य, राजस्व न्यायालय, राजस्व संग्रह, स्वान केंद्र, सेवा संबंधी मामले, लंबित पेंशन मामलें, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्रों के वितरण की स्थिति, एसडीएम कर्वी, तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक व नायब तहसीलदार कर्वी की कोर्ट, विविध प्रशासनिक कार्यों के पटलों का निरीक्षण किया।

बुधवार को जिलाधिकारी ने आईजीआरएस में अंश निर्धारण, न्यायालय में लंबित वादों, तालाब पोखरा कृषि व आवास पट्टा आवंटन, शासकीय जमीनों पर धारा-67 के तहत कार्यवाही, खतौनी अपडेट, खतौनी फीडिंग, वरासत, नामांतरण, नई खतौनियां, पाका-11, खसरा पड़ताल, खतौनी वितरण आदि देखा। उन्होंने पटल सहायकों को निर्देश दिये कि शासकीय भूमि की पत्रावलियां का रखरखाव अच्छे से करें। खतौनियों के अंश निर्धारण अद्यतन नहीं है, तत्काल अद्यतन करायें। समय से वरासत दर्ज करें। उद्धरण खतौनी की फीडिंग समय से करायें। एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार को निर्देश दिये कि विभिन्न मामलों कोर्ट में लंबित है, तत्काल निस्तारण करें। भूमि संबंधी मामलों पर जल्द कार्यवाही करें। निरीक्षण में एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, एसडीएम न्यायिक मोहम्मद जसीम, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, न्यायिक अखिलेश्वर गुप्ता, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।



तहसील कर्वी का निरीक्षण करते डीएम।

## ग्रामीण के घर से हुई चोरी

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के मनौंधा सानी गांव के दिलीप मिश्रा पुत्र सत्यदेव मिश्रा ने थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा कि घर में बीती रात चोर सोने-चांदी के जेवर आदि सामान चुरा ले गये हैं।

बुधवार को थानाध्यक्ष को दी तहरीर में ग्रामीण दिलीप मिश्रा ने बताया कि गांव के राजू पुत्र बद्री प्रसाद व सुक्खू नाई खप्टिहा ने मिलकर रात में चोरी की है। चोर घर से सोने-चांदी के जेवर, 60 हजार रुपये नकद आदि सामान चुरा ले गये हैं। जब वह रात ढाई बजे जागे तो देखा कि चोर चोरी कर रहे हैं। पीडित ने मांग किया कि चोरों को दबोचकर चोरी का सामान दिलाया जाये।

# बिहारा स्कूलः तीन बच्चियां फिर हुई बेहोश



अस्पताल में भर्ती छात्रायें।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बिहारा गांव स्कूल की तीन छात्राओं के फिर बीमार होने से पिता पवन कुमार, बैजनाथ व राजनरेश ने बताया कि उनकी बेटियां सलोनी, गीता व शिवांगी स्कूल जाने की तैयारी कर रही थीं। अचानक चक्कर व बेचैनी होने लगी। हालत बिगड़ने पर उन्हें शिवरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। फिर जिला अस्पताल भेजा गया।

ज्ञात है कि 13 अगस्त को स्कूल में बेहोश हुई छात्रायें पूरी तरह ठीक नहीं हो सकी। उस दिन प्रार्थना समय में टीन शेड के नीचे कई बच्चे बेहोश होकर गिर गये थे। 25 बच्चों की हालत खराब हो गई थी। इन तीनों बच्चियों के साथ प्रधानाध्यापक व एक शिक्षक की तबीयत भी बिगड़ गई थी। परिजनों ने बताया कि घटना के बाद से बच्चियों की हालत में खास सुधार नहीं हुआ। उन्हें अक्सर चक्कर व बेचैनी की शिकायत रहती है। घटना से गांव में भय का माहौल है।

# ट्राइबल हाट स्थापना को निः शुल्क भूमि करायें उपलब्ध

### डीएम ने की तीर्थक्षेत्र विकास परिषद की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद व पर्यटन विभाग से कराये निर्माण कार्यों व एयरपोर्ट कार्यों की समीक्षा बैठक में पर्यटन विकास कार्यों, पर्यटन विभाग से लैंड बैंक को भूमि प्रस्ताव, यूपीटी चैराहा व रामघाट सेल्फी प्वाइंट को स्थल उपलब्ध कराने, तहसील मानिकपुर में मंजूर परियोजना पाठा क्षेत्र विकास के तहत ट्राइबल हाट की स्थापना को निःशुल्क भूमि, आगामी मेले व महोत्सव को भव्यता से मनाने, नवीन कार्य योजना 2024-25 के तहत होने वाले कार्यों के प्रस्ताव की समीक्षा की।

बुधवार को कैम्प सभागार में जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि पर्यटन विभाग से हुए कार्यों परियोजना के तहत सृजित संपत्ति रखरखाव व संचालन ठीक से करायें। धार्मिक पर्यटन समेत इको पर्यटन की संभावनायें तलाशें। पर्यटन कार्यों को चिन्हित कर भूमि मुआवजे की कार्यवाही जल्द निस्तारित करें। मुख्य परियोजनाओं को जल्द स्थलीय निरीक्षण करायें। उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में पर्यटन विकास के हो रहे कार्य मुख्यमंत्री के महत्वपूर्ण कार्यों में हैं। इन कार्यों को शासन की मंशानुसार समय सीमा में गुणवत्ता से करायें। उन्होंने एयरपोर्ट अथॉरिटी व कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिये कि एयरपोर्ट के शेष कार्य तत्काल पूरे करायें। बैठक में डीएफओ नरेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, ईओ नगर पालिका लालजी यादव आदि मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

## जल धरोहर बचाव को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** समाज को आने वाले पेयजल अकाल का सामना करने की क्षमतायें विकसित करने की गरज से चित्रकूट जल धरोहर बचाओ तिरंगा यात्रा के जल प्रहरियों ने 15 अगस्त को सुंदर घाट से पांच सौ मीटर दूर झील पर पेशवा कालीन निर्मित जल महल से शुरू की। ये यात्रा गोल तालाब तक गई।

बुधवार को जल धरोहर झील व जल महल बावड़ी तथा गोल तालाब का अस्तित्व समाज सरकार दोनों की लापरवाही से समाप्त होने की कगार में है। जल धरोहर में जबरदस्त पानी भू-गर्भ जल से मिला है। सभी जल प्रहरियों ने संकल्प लिया कि आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ जीवन को चित्रकूट की नदियों व जल धरोहरों को बचाना व पुनर्जीवन की पहल करनी है। जल धरोहर बचाने व संरक्षण को जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में नदियों समेत जल धरोहरों के सीमांकन की मांग उठाई। जल प्रहरियों की ओर से मंजूर जल प्रहरियों ने चित्रकूट जल धरोहर बचाव तिरंगा यात्रा समेत ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने में शंकर दयाल पयासी, समाजसेवी अख्तर फराज, डॉ मनोज द्विवेदी, अभिमन्यु सिंह मौजूद रहे।

# पुष्पेन्द्र सिंह के आगमन पर कांग्रेसियो ने गर्मजोशी से किया स्वागत



ठा पुष्पेन्द्र सिंह का स्वागत करते कांग्रेसी।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कमेटी ने कैम्प कार्यालय में कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र सिंह का स्वागत किया। लखनऊ प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण करने के बाद पहली बार गृह जनपद पधारे ठा पुष्पेंद्र सिंह का कांग्रेसियों ने गर्मजोशी से जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगवाई में स्वागत किया।बुधवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि भाई पुष्पेंद्र सिंह के कांग्रेस में आने से जिले में ही नहीं पूरे बुंदेलखंड में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। जिला कांग्रेस ने स्वागत किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवधेश करवरिया, गज्जू प्रसाद फौजी, राजकुमार गर्ग, शिव गुलाम वर्मा, रमादत मिश्रा, कालीचरण राजपूत, ओम प्रकाश गुप्ता, महेंद्र सिंह, विजयमणि त्रिपाठी, बुधनी सिंह, जगजाहिर पटेल, अजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जौहरी प्रसाद, बृजेंद्र सिंह, शशिभाल सिंह, सोनू सिंह, रामस्वरूप सिंह, सविता पाल, अजीत मिश्रा, चुनबाद प्रसाद, अर्जुन सिंह समेत सैकड़ो कांग्रेसी मौजूद रहे।

# रूस, यूक्रेन... भारत की खातिर साथ आ सकते हैं दो कट्टर दुश्मन

## पीएम मोदी के दौरे से सेना को मिलेगी जोरदार ताकत



**कीवः रूस** और यूक्रेन में चल रही भीषण लड़ाई के बीच पीएम मोदी यूक्रेन और पोलैंड की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी 23 अगस?त को यूक्रेन में रहेंगे और राजधानी कीव में राष?ट्रपति जेलेंस?की से मुलाकात करेंगे। इस यात्रा के दौरान भारत और यूक्रेन के बीच कई समझौतों पर हस?ताक्षर होने हैं। इसमें रक्षा, आर्थिक संबंध, साइंस और अत?याधुनिक तकनीक शामिल हैं। पीएम मोदी की यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब यूक्रेन की सेनाओं ने रूस के 1000 किमी के इलाके पर कब?जा कर लिया है। यूक्रेनी सेना रूस के अंदर 9 किमी तक घुसी हुई है। वहीं रूसी सेना अब चारों ओर से यूक्रेन की सेना को घेर रही है। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच पीएम मोदी कीव की यात्रा पर पहुंच रहे हैं। इससे पहले पीएम मोदी रूस की यात्रा पर गए थे और राष?ट्रपति पुतिन से मुलाकात की थी। दरअसल, भारत ने सोवि?यत जमाने में कई ऐसे हथियार खरीदे थे जो अब आधुनिक जमाने में यूक्रेन है।

भारत अभी भी यूक्रेन से जिन रक्षा उपकरणों को खरीदता है, उसमें भारतीय नौसेना के युद्धपोतों के लिए गैस टर्बाइन और एएन 32 मालवाहक एयरक्राफ्ट शामिल है जिसका इस?तेमाल इंडियन एयरफोर्स करती है। यही वजह है कि भारत के लिए यह फायदे का सौदा है कि वह यूक्रेन के साथ अपने मजबूत रक्षा संबंध बरकरार रखे। ब?लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन की सरकारी कंपनी जोर्या माशप्रोइक?ट भारत की निजी सेक?टर की कंपनियों के साथ मिलकर भारतीय युद्धपोतों के लिए संयुक?त रूप से गैस टर्बाइन बनाने के लिए बात कर रही है। यही नहीं भारत और यूक्रेन विमान और प?लेन के इंजन भारत में बनाने के लिए भी बातचीत कर रहे हैं।

भारत के पास यूक्रेन में बने 105 एएन 32 विमान

भारत में अगर संयुक?त रूप से इंजन बनाए जाते हैं तो भारतीय नौसेना के युद्धपोतों को आसानी से गैस टर्बाइन मिल सकेगा। वहीं भारतीय वायुसेना की बात करें तो उसके पास कुल 105 एएन 32 विमान हैं जो मध?यम क्षमता के रणनीतिक ट्रांसपोर्ट विमान माने जाते हैं। इस विमान की खासियत यह है कि यह बहुत गर्म माहौल में पहाड़ी इलाके में भी आसानी से उड़ान भर सकता है। भारतीय वायुसेना एएन-32 विमान पर बहुत ज?यादा निर्भर है जो उत?तरी सीमा पर तैनात सैनिकों को रसद पहुंचाने के लिए बहुत उपयोगी है। इसके अलावा एयर कार्गो ड्राप, पैरा ड्राप और मेडिकल इमरजेंसी शाामिल है। भारत ने साल 2009 में यूक्रेन की कंपनी के साथ 40 करोड़ डॉलर का समझौता किया था ताकि एएन 32 विमानों को अपग्रेड किया जा सके।

इससे ये विमान 40 और वर्षों के लिए काम कर सकेंगे। यह अपग्रेड करने का काम अभी बहुत ही पिछड़ा हुआ है। भारतीय वायुसेना के एन 32 विमानों में यूक्रेन के दो इवचेंको प्रोग्रेस टर्बोप्रॉप इंजन लगे हुए हैं। इस इंजन को यूक्रेन के जापोरीझझाया में स्थित मोटर सिच कंपनी और पर्म इंजन प?लांट रूस में बनाया गया है। भारत अपने प्रोजेक?ट 11356ट के तहत गोवा शिपयार्ड में दो फ्रीगेट बना रहा है जो अब यूक्रेन के गैस टर्बाइन नहीं मुहैया करा पाने की वजह से अधर में लटक गया है। रूस इस युद्धपोत के लिए तकनीकी सहायता मुहैया करा रहा है। यूक्रेनी गैस टर्बाइन की वजह से भारतीय युद्धपोतों को ताकत मिलती है।

रूस के बनाए भारतीय युद्धपोत में लगे यूक्रेनी इंजन

इसके अलावा साल 2018 में भारत और रूस के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत रूस ग्रिगोरोविच क?लास के दो फ्रीगेट नौसेना के लिए ले रहा है। साथ ही गोवा शिपयार्ड में भी दो और फ्रीगेट बनाया जाना है। रूस के इन युद्धपोतों पर यूक्रेन के गैस टर्बाइन लगने हैं। इस बीच साल 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब?जे के बाद यूक्रेन ने इन इंजन को देने से इंकार कर दिया था। इसके बाद भारत ने यूक्रेन से सीधे समझौता किया और गैस टर्बाइन को खरीदकर उसे रूस को दे दिया। ये दोनों युद्धपोत अब रूस में तैयार हो गए हैं और उनका नाम तुशिल और तमाला है जो नेवी को दिया जा रहा है। दुर्भाग?य की बात यह है कि यूक्रेन के जिस प?लांट में गैस टर्बाइन को बनाया जाता है, उस पर रूस मिसाइल हमला कर चुका है। इसमें यूक्रेनी प?लांट को काफी नुकसान पहुंचा है। इससे उत?पादन में दिक?कत आ रही है। रूस के बनाए कई और युद्धपोतों में भी यूक्रेनी इंजन लगा हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध अभी और लंबा खिंचता है तो इससे भारतीय नौसेना की ताकत बहुत प्रभावित होगी।

# चीन के नेतृत्व में संशोधित यात्री कार बाह्य सुरक्षा का अंतर्राष्ट्रीय मापदंड जारी

**बीजिंग। नए** संशोधित सड़क वाहन-यात्री कार बाह्य सुरक्षा का अंतर्राष्ट्रीय मापदंड (आईएसओ 2958:2024) हाल में जारी हुआ। इसका संशोधन चीन के नेतृत्व में किया गया।

यह ऑटोमोबाइल निष्क्रिय सुरक्षा क्षेत्र में चीन के नेतृत्व में पहला आईएसओ अंतर्राष्ट्रीय मानक है। सुरक्षा ऑटोमोबाइल के विकास में एक मुख्य विषय है और अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन के शोध का अहम विषय भी है।

दिसंबर 2021 में ऑटोमोटिव सुरक्षा प्रौद्योगिकी और औद्योगिक विकास की श्रेष्ठता को लेकर चीन ने आईएसओ के अधीनस्थ सड़क वाहन तकनीकी आयोग (आईएसओ/टीसी 22) में यात्री कार बाहरी सुरक्षा के अंतर्राष्ट्रीय मापदंड (आईएसओ 2958:1973) में संशोधन करने का मसौदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।




18 फरवरी 2022 को इस परियोजना की आधिकारिक स्थापना की गई। चीन ने इस परियोजना की जिम्मेदारी निभाई। जर्मनी, फ्रांस और मलेशिया आदि देशों ने इसमें भाग लिया।

## पाकिस्तान से कर्बला जा रहे शिया तीर्थयात्रियों की बस ईरान में पलटी

**तेहरानः ईरान** में पाकिस्तानी तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस हादसे का शिकार हो गई। बस पलटने से 28 यात्रियों की मौत हो गई और 23 लोग घायल हो गए। ईरानी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने आपातकालीन अधिकारी मोहम्मद अली मालेकजादेह के हवाले से बताया कि दुर्घटना मंगलवार रात मध्य ईरान के प्रांत यज्द में हुई। पाकिस्तान के तीर्थयात्री शिया समुदाय से थे। ये सभी अरबईन के लिए इराक के शहर कर्बला जा रहे थे।

# कमला हैरिस तैयार हैं, उम्मीद लौट आई...



**वॉशिंगटनः अमेरिका** में राष्ट्रपति पद का चुनाव होना है। इसमें अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने शिकागो में डेमोक्रेटिक सम्मेलन में रिपब्लिकन पार्टी पर जमकर हमला बोला। यहां उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के समर्थन में भाषण दिया। भाषण में उन्होंने कमला हैरिस को 'माई गर्ल' कहकर संबोधित किया। वहीं डोनाल्ड ट्रंप पर हमला बोलते हुए कहा कि उम्मीद वापस आ रही है। मिशेल ओबामा अपने पति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान भी चुनाव प्रचार को संभाल चुकी हैं। एक बार फिर शिकागो में उन्होंने अपना करिश्मा दिखाया।

अपने भाषण के दौरान उन्होंने कमला हैरिस के बैकग्राउंड और उनकी बहु-नस्लीय उत्पत्ति का जिक्र किया। डोनाल्ड ट्रंप की नस्लीय टिप्पणी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हैरिस की कहानी मेरी और आपकी कहानी है। ट्रंप के चुनाव अभियान ने कमला हैरिस की नस्लीय पहचान को एक हथियार बनाने की कोशिश की है। पिछले महीने ट्रंप ने एक बातचीत के दौरान कहा था कि मुझे नहीं पता कि उनकी पहचान ब्लैक कब से हो गई? वह खुद को पहले एक भारतीय पहचान से जोड़ती रही हैं।

कमला हैरिस ने भी किया प्रचार

उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने विस्कॉन्सिन में जनसभा की, जबकि पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा ने शिकागो में हैरिस के समर्थन में प्रचार किया। बराक ओबामा ने शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेशन (डीएनसी) में कहा, मुझे उम्मीद दिख रही है। इससे पहले, मिशेल ने जनसभा में कहा, हवा में कुछ जादुई सा है, क्या ऐसा नहीं है? कमला हैरिस ने विस्कॉन्सिन में कहा कि वह एक जन-संचालित प्रचार अभियान कर रही हैं। विस्कॉन्सिन में पिछले महीने रिपब्लिकन पार्टी का सम्मेलन हुआ था। उपराष्ट्रपति ने कहा, ह्यहम सब मिलकर आगे बढ़ने का नया रास्ता तैयार करेंगे।

# इंसान की 'मां' कहे जाने वाले महाद्वीप पर कब्जे के लिए अमेरिका और चीन में होड़



**केपटाउनः अफ्रीका** महाद्वीप चीन और अमेरिका की प्रतिद्वंद्विता का नया मैदान बनता जा रहा है। प्रशांत क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में तनाव के बाद अब अफ्रीका में दोनों देशों की तनातनी साफ दिख रही है। चीन का अफ्रीका में अच्छा खासा प्रभाव रहा है तो अमेरिका भी अपनी उपस्थिति तेजी से मजबूत करते हुए चीन को कमजोर करने में लगा है। अफ्रीका में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ को देखते हुए कहा जा रहा है कि अफ्रीका में नया शीत युद्ध देखने को मिल सकता है। अफ्रीका को मातृ महाद्वीप (मदर कॉन्टिनेंट) भी कहा जाता है। मातृ महाद्वीप पर अब शीत युद्ध का खतरा मंडरा रहा है।

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अफ्रीकी महाद्वीप को लेकर चीन और अमेरिका की प्रतिद्वंद्विता 20वीं सदी के शीत युद्ध से मिलती है। उस वक्त एशिया युद्ध का मैदान था, तब अमेरिका और सोवियत रूस वर्चस्व के लिए प्रतिद्वंद्विता कर रहे थे। इस बार अमेरिका के सामने सोवियत संघ नहीं बल्कि चीन हैं। अफ्रीका इस भूराजनीतिक प्रतियोगिता की स्टेज बन गया है। 20वीं सदी में एशिया को अपने प्राकृतिक संसाधनों और जनशक्ति के लिए शिकार के मैदान के रूप में देखा जाता था तो अब अफ्रीका को नई खदान की तरह देखा जा रहा है।

चीन ने मातृ महाद्वीप में किया है अपना विस्तार

अफ्रीका को मातृ महाद्वीप भी कहा जाता है क्योंकि मानव विकास के सिद्धांत के हिसाब से मानवता की जड़ें पूर्वी अफ्रीकी से ही निकली थीं। यानी ये सबसे पहले बसा महाद्वीप है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद ही चीन ने मातृ महाद्वीप अफ्रीका पर अपनी नजरें गड़ा दी थीं।

# अमेरिका में भारतीय डॉक्टर गिरफ्तार

## बच्चों और महिलाओं की खींचता था नग्न तस्वीरें, हार्ड ड्राइव में मिले 13000 वीडियो

**वाशिंगटनः अमेरिका** में कई वर्षों तक बच्चों और महिलाओं की सैकड़ों नग्न तस्वीरें खींचने और वीडियो बनाने के आरोप में 40 वर्षीय एक भारतीय चिकित्सक को गिरफ्तार किया गया है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। ह्यफॉक्स न्यूजह्ल टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, ओमैर एजाज को आठ अगस्त को गिरफ्तार किया गया। टीवी चैनल के अनुसार, एजाज ने स्नानगृह, कपड़े बदलने की जगह, अस्पताल के कमरों और यहां तक कि अपने घर में भी कई जगहों पर छिपाकर कैमरे लगा रखे थे।




समाचार चैनल के अनुसार, उसने दो साल तक के छोटे बच्चों की तस्वीरें लीं और वीडियो बनाए। एजाज की पत्नी को ये आपत्तिजनक सामग्रियां मिलीं जिसके बाद प्राधिकारियों को उसके अपराधों के बारे में पता चला। इससे पहले तक उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं था। ओकलैंड काउंटी शेरिफ ने मंगलवार को बताया कि उसने कई महिलाओं के साथ ऐसे समय में कथित तौर पर यौन संबंध भी बनाए, जब वे बेहोश थीं या सो रही थीं। शेरिफ माइक बुचर्ड ने कहा कि मामले की जांच में महीनों लगेंगे।

13000 वीडियो मिले

प्राधिकारियों को संदेह है कि कई और पीड़ित हो सकते हैं क्योंकि जांचकर्ता अमेरिका के मिशिगन राज्य में ओकलैंड काउंटी के शहर रोचेस्टर हिल्स में चिकित्सक के घर पर मिले हजारों वीडियो की समीक्षा कर रहे हैं।

## हमास लड़ाके इजरायली बंधकों के परिवार को भेज रहे धमकी भरे मैसेज

**तेल अवीवः हमास** की ओर से इजरायली बंधकों के रिश्तेदारों को धमकी भरे फोन कॉल और संदेश भेजे जा रहे हैं। हमास अपनी कैद में मौजूद बंधकों के परिजनों को इजरायली सरकार से लड़ने और पैसा भेजने के लिए कह रहे हैं। यरुशलम पोस्ट ने एन12 के हवाले से मंगलवार को ये दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, इन संदेशों में चेतावनी दी गई है कि अगर आप सरकार से नहीं लड़ते हैं तो अपने प्रियजनों को खो देंगे और उन्हें वापस लौटते नहीं देख पाएंगे।

# धरती के करीब से गुजरेगा तबाही का देवता 'एपोफिस' ऐस्टरॉइड, वैज्ञानिक रख रहे हैं पैनी नजर, जानें कितना खतरा?

**वॉशिंगटनः एस्टेरॉइड** एपोफिस पृथ्वी के बहुत करीब से गुजरने जा रहा है, जिसने इसमें वैज्ञानिकों की रूचि बढ़ा दी है। तबाही का देवता कहे जाने वाला एपोफिस 2029 में पृथ्वी के बहुत करीब (20,000 मील की दूरी) पर होगा। इस आकार का एस्टेरॉयड पहली बार धरती के इतने नजदीक से गुजरेगा। 13 अप्रैल, 2029 को एपोफिस पूर्वी गोलार्ध से दिखाई देगा, जिसमें यूरोप, अफ्रीका और पश्चिमी एशिया के कुछ हिस्से शामिल हैं। यह आकाश में एक चमकीली लकीर के रूप में दिखाई देगा, जो एक तेज गति से चलने वाले तारे जैसा होगा। ये लाखों लोगों को बिना दूरबीन के दिखाई देगा।

ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, एपोफिस प्रारंभिक सौर मंडल का अवशेष है, जो 4.6



बिलियन साल पहले मंगल और बृहस्पति के बीच क्षुद्रग्रह बेल्ट में बना था। यह बृहस्पति जैसे बड़े ग्रहों के गुरुत्वाकर्षण बलों से प्रभावित हुआ है। इसका नाम अव्यवस्था और अराजकता के प्राचीन मिस्त्र के देवता से लिया गया है, जो इस तरह के क्षुद्रग्रह की वजह से संभावित तबाही को दर्शार्ता है। अपोफिस का नाम राक्षस सर्प के नाम पर रखा गया है, जो बुराई और अराजकता का प्रतीक है।

क्या धरती के लिए खतरा

एपोफिस धरती के करीब से गुजरेगा लेकिन अपनी निकटता के बावजूद इससे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। 2004 में इसकी खोज के बाद इसे खतरनाक क्षुद्रग्रह के रूप में पहचाना गया लेकिन 2029 में इसके प्रभाव से किसी भी जोखिम को खारिज किया गया है। इसके धरती से टकराने का कोई अंदेशा नहीं है लेकिन एपोफिस क्षुद्रग्रह अगर पृथ्वी से टकराता है तो इससे बहुत गंभीर विनाश होगा। एपोफिस से होने वाली तबाही प्रभाव स्थल से कई सौ किलोमीटर तक फैल जाएगी। प्लेनेटरी सोसाइटी का मानना है कि इससे 1,000 मेगाटन टीएनटी से अधिक उर्जा पैदा होगी, जो सैकड़ों परमाणु हथियारों के बराबर है।

# पीसीबी ने 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तारीखों में बदलाव का सुझाव देने वाली रिपोर्टों का खंडन किया

**लाहौर। पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने उन हालिया मीडिया रिपोर्टों का स्पष्ट रूप से खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि पाकिस्तान में अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी किया जा सकता है।

उनकी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा गया है, "यह निराशाजनक है कि कुछ मीडिया आउटलेट्स ने कल की मीडिया बातचीत में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी की टिप्पणियों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया है, सुरक्षा चिंताओं के कारण आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तारीखों के संभावित बदलाव पर उन्हें गुमराह किया है, जिससे अनावश्यक सनसनी पैदा हुई है।"

यह खबर पीसीबी द्वारा पुष्टि किए जाने के कुछ दिनों बाद आई है कि बांग्लादेश के खिलाफ 30 अगस्त से शुरू होने वाला पाकिस्तान का दूसरा टेस्ट, भारी निर्माण उपकरणों की तैनाती और नेशनल बैंक स्टेडियम के लिए सख्त पुनर्विकास कार्यक्रम का पालन करने की आवश्यकता के कारण कराची से रावलपिंडी में स्थानांतरित कर दिया गया है

जिसे अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए तैयार किया जा रहा है।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के परामर्श से दूसरे आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैच को रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया था।

मीडिया वार्ता के दौरान, जो पीसीबी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध है,

पीसीबी अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि तीन नामित स्टेडियमों का पुनर्विकास और रीडिजाइन तय समय पर पूरा किया जाएगा, जिससे आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी के लिए तैयारी सुनिश्चित होगी।

"पीसीबी अध्यक्ष ने यह भी उल्लेख किया कि निर्बाध निर्माण कार्य को सुविधाजनक बनाने के लिए कुछ घरेलू मैचों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह किसी भी तरह से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से संबंधित नहीं है, जो आठ टीमों के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजन के रूप में पीसीबी के लिए प्राथमिकता बनी हुई है।"

पाकिस्तान दो टेस्ट मैचों में बांग्लादेश का सामना करने के बाद अक्टूबर में अपना ध्यान केंद्रित करेगा जब वे घरेलू जमीन पर तीन टेस्ट मैचों में इंग्लैंड का सामना करेंगे और कराची दूसरे टेस्ट का स्थान है।

लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ मैच को कराची से बाहर स्थानांतरित करने के साथ, इंग्लैंड के मैच के लिए भी इसी तरह का कदम उठाए जाने के संकेत हैं, हालांकि पीसीबी ने इस पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है।

बयान में निष्कर्ष निकाला गया, ह्लपीसीबी पाकिस्तान के तीन प्रतिष्ठित स्थानों पर विश्व स्तरीय आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जो हमारे उत्साही क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव सुनिश्चित करेगा।

इस प्रतिबद्धता के अनुरूप, पीसीबी ने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को एक मसौदा कार्यक्रम प्रस्तुत कर दिया है, जिसमें प्रस्तावित तारीखें 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक हैं।"

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।